अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

www.hukmnamasamachar.com

# हुक्मनामा समाचार

अजमेर, रविवार, 10 अगस्त, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674 :: वर्ष 21 :: अंक 259

# देशभर में हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन पर्व

## पीएम मोदी ने बच्चों से राखी बंधवाई

### महाकाल, बाबा विश्वनाथ को राखी बांधी गई

### गुजरात में बीएसएफ जवानों का बहनों ने किया टीका







**नई दिल्ली।** देशभर में आज रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जा रहा है। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल को राखी बांधी गई। अमर पुजारी के परिवार की महिलाओं द्वारा तैयार की गई खास राखी उन्हें अर्पित की गई है। महाकाल को जो राखी बांधी गई है उसमें मखमल का कपड़ा, रेशमी धागा और मोती का उपयोग हुआ है। राखी पर भगवान गणेश जी विराजित हैं। पीएम मोदी को उनके आवास पर बच्चों ने राखी बांधी। उन्होंने देशवासियों को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा- सभी देशवासियों को रक्षाबंधन की अनेकानेक शुभकामनाएं। सावन के आखिरी दिन काशी में बाबा विश्वनाथ को मंगला आरती के बाद रेशम की राखी पहनाई गई। अयोध्या में भगवान रामलला और उनके भाइयों के लिए श्रृंगी धाम से राखियां लाई गईं।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

## विभिन्न भूमिकाओं में परिवार को संजोती हैं हमारी बहनें-मुख्यमंत्री

### छात्राओं और वीरांगनाओं सहित प्रदेशभर की बहनों ने मुख्यमंत्री को बांधे रक्षासूत्र



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रक्षाबंधन पर्व पर शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीरागंनाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी बहनों एवं स्कूल-कॉलेज छात्राओं से रक्षासूत्र बंधवाया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित बहनों को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि इस त्यौहार का हमारी संस्कृति में बहुत महत्व है। यह भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। हमारे ऐसे त्यौहारों में समरसता एवं एकरूपता का संदेश निहित होता है। उन्होंने कहा कि हमारी परम्परा और विरासत को आगे बढ़ाने में बहनों का अहम योगदान है। बहनें परिवार में विभिन्न भूमिकाएं निभाते हुए उसे संजोने एवं संस्कारित करने की जिम्मेदारी निभाती है। इसलिए हमारी संस्कृति में बहनों का स्थान सर्वापरि होता है। शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर छोटी एवं बड़ी बहनों का स्नेह एवं आशीर्वाद मुझे मिला है। यह मेरे लिए अभेद्य सुरक्षा कवच है।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य क्षेत्रों के साथ ही सामाजिक सरोकारों के माध्यम से भी देश को आगे बढ़ाया है। उन्होंने स्वच्छता, लिंगानुपात, पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में अभियान चलाकर देशभर में जन-जागरूकता की अलख जगाई। मुख्यमंत्री ने उपस्थित बहनों से आह्वान किया कि वे पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाने के साथ ही सामाजिक कार्यों से भी जुड़ें और केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित भाई-बहनों को उनका लाभ दिलाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इससे ही समाज में बदलाव आएगा।



## जयपुर में रक्षाबंधन पर बसों में महिलाओं की भीड़

### रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने यात्रियों को बांधी राखी

**जयपुर।** जयपुर में आज रक्षाबंधन पर बस स्टैंड पर महिलाओं की भीड़ दिखी। लोग बस में चढ़ने के लिए गेट पर लटके नजर आए। इनमें महिलाएं भी शामिल थीं। वहीं, बस स्टैंड पर भीड़ के बीच जेब कतरे भी एक्टिव रहे। जेब कटने से परेशान यात्री पुलिस अफसरों को ढूंढते रहे। वहीं, लोगों ने महिला की चेन खींच रहे एक बदमाश को पकड़ लिया। मौके पर ही उसकी पिटाई कर दी। वहीं, रेलवे स्टेशन पर आज ज्यादा भीड़ नहीं नजर आई। रोज की तरह ही लोग आराम से आते जाते रहे। कुछ ट्रेन के आने पर लोगों को जरूर परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे पहले देर रात तक बाजारों में रौनक देखने को मिली। महिलाएं राखी मिठाई खरीदने के साथ-साथ मेंहदी भी लगवाती नजर आईं। शहर के बाजार रंग-बिरंगे राखियों से सजा नजर आया। राखियों के साथ मिठाई और नारियल की भी जमकर खरीदारी की गई। बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन सभी जगह पर जमकर भीड़ रही।

## संक्षिप्त खबरें

### छड़ी मुबारक अमरनाथ गुफा पहुंची, यात्रा का समापन

**नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा का समापन शनिवार को छड़ी मुबारक के पवित्र गुफा मंदिर पहुंचने के साथ हुआ। पारंपरिक तरीके से महंत दीपेंद्र गिरि की अगुआई में सैकड़ों साधुओं के साथ विशेष पूजा की गई, इसके बाद भक्तों को साल के अंतिम दर्शन कराए गए।अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से 3 अगस्त से ही रोक दी गई थी। इस साल 4.10 लाख श्रद्धालु अमरनाथ गुफा में दर्शन किए, जबकि पिछले साल 5.10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। इस दौरान सुबह बाबा अमरनाथ की पहली आरती की गई थी। इस बार यात्रा केवल 1 महीना ही चल पाई। यात्रा के दौरान लगभग 50,000 सीआरपीएफ जवान तैनात किए गए थे। 5 जुलाई को यात्रियों को लेकर जा रहे काफिले की चार बसों में टक्कर हो गई थी। रामबन जिले में चंदरकोट लंगर के पास हुए हादसे में करीब 36 यात्री घायल हो गए। हादसा तब हुआ, जब ब्रेक फेल होने के कारण एक बस का ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा। इससे काफिले में शामिल तीन और बसें आपस में टकरा गईं।

### शरद पवार बोले-2 लोगों ने 160 सीटें जिताने का दावा किया

**नई दिल्ली।** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि 2024 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले दिल्ली में दो लोग उनसे मिलने आए थे। इन लोगों ने महा विकास अघाड़ी को 288 में से 160 सीटें जिताने की गारंटी दी थी। पवार ने शनिवार को नागपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि वह इन दोनों लोगों को लेकर राहुल गांधी के पास गए थे, उन्होंने ये ऑफर राहुल को भी दिया था। पवार ने कहा कि उन्होंने और राहुल ने ये ऑफर नहीं लिया और मना कर दिया। पवार ने दोनों लोगों ने नाम और पहचान उजागर नहीं की है। इसको लेकर उन्होंने कहा,पवार के बयान से पहले राहुल ने गुरुवार को दिल्ली में एक प्रेजेंटेशन के जरिए वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के साथ महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा विधानसभा चुनावों में वोट चोरी का आरोप लगाया था।राहुल ने कर्नाटक की एक विधानसभा का उदाहरण देते हुए कहा था कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। 2024 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन को 230 सीटें मिली थी।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस का एक साल

## भाजपा का प्रदर्शन, बैरिकेड्स हटाए-पुलिस का लाठीचार्ज



### सीएम ममता के इस्तीफे की मांग, जूनियर डॉक्टरों ने रैली निकाली

**कोलकाता ।** कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर की घटना को आज एक साल हो गया है। मामले में न्याय की मांग को लेकर भाजपा और डॉक्टरों ने नबन्ना अभियान रैली निकाली।

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भाजपा नेताओं को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगाए। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी, विधायक अग्निमित्र पॉल समेत 20 विधायक और अन्य प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स हटाने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। पॉल ने कहा कि एक साल हो गया है लेकिन अभया को न्याय नहीं मिला है। यह रैली ममता बनर्जी के खिलाफ है। उन्होंने सारे सबूत मिटा दिए हैं। हम उनके इस्तीफे की मांग करते हैं। पीड़ित की मां ने आरोप लगाया कि राज्य सचिवालय तक मार्च के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने उनके साथ मारपीट की। उन्होंने दावा किया- पुलिस ने मुझे धक्का दिया और जमीन पर गिरा दिया। चार-पाँच पुलिसकर्मियों ने मेरे साथ मारपीट की और चूड़ियां तोड़ दीं। मेरे माथे पर चोट आई। वहीं, शुक्रवार को जूनियर डॉक्टरों और सिविल सोसायटी मेंबर्स ने कोलकाता में मशाल रैली निकाली। संगठन अभया मंच के डॉ. सुवर्ण गोस्वामी ने सवाल किया- एक साल बाद भी सप्लीमेंट्री चार्ज क्यों दायर नहीं हुआ है। आरजी कर हॉस्पिटल में 8-9 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डॉक्टर की लाश सेमिनार हॉल में मिली थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने संजय रॉय नाम के सिविक वॉलंटियर को 10 अगस्त को अरेस्ट किया था। 20 जनवरी को उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

## हिमाचल के कुल्लू में बादल फटा, चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद

## दिल्ली में तेज बारिश, दीवार ढहने से 8 की मौत

### 100 फ्लाइट्स लेट

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार रात से तेज बारिश जारी है। दिल्ली के जैतपुर थाना इलाके में शनिवार दोपहर घर की दीवार गिरने से 8 लोगों की दबकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वहीं, तेज बारिश के चलते 100 से ज्यादा फ्लाइट्स देरी से उड़ान भर रही हैं। कई इलाकों में पानी भर गया है। ऐसे में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने आज दिनभर के लिए मौसम का रेड अलर्ट जारी किया है। इधर, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के शरोद नाले में बादल फटा है। गनीमत रही कि घटना में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन शरोद नाले से सटे बरोगी नाले का वाटरलेबल बढ़ गया है। लैंडस्लाइड के चलते चंडीगढ़-मनाली हाईवे भी बंद है। यूपी में इस सीजन मानसून मेहरबान है। लगातार बारिश से नदियां और नाले उफान पर हैं। अमरोहा में 3 दिन की लगातार बारिश के बाद एक बाइक सवार पर जर्जर मकान ढह गया।



जौनपुर में भी मकान गिर गया।

**हरियाणा में गुरुग्राम कैनाल पर बना पुल टूटा :** पलवल जिले में हथीन खंड के गांव कुमरेहडा से मालूका जाने वाली सड़क पर गुरुग्राम कैनाल पर बने मुख्य नहर का पुल टूट गया। इसके टूटने से आने जाने वाले लोगों का रास्ता बंद हो चुका है। गांव में रहने वाले एडवोकेट मोहम्मद कप्तान ने बताया कि अनजान आदमी यहां दुर्घटना का शिकार हो सकता है।

**हापुड़ में बारिश में नहा रहे बच्चे पर बिजली गिरी, मौत** हापुड़ के धौलाना में शनिवार सुबह बारिश में नहा रहे एक बच्चे पर आकाशीय बिजली गिर गई। हादसे में 14 साल के आतिफ की मौत हो गई।

घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पिता जुल्फिकार ने बताया- आतिफ कक्षा 6 में पढ़ता था। हल्की बारिश में वह घर के बाहर नहा रहा था। अचानक तेज आवाज के साथ बिजली गिरी।

## कुलगाम में 2 जवान शहीद

**कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में जारी एनकाउंटर में दो जवान शहीद हो गए। शुक्रवार को कुल चार जवान घायल हुए थे। इलाज के दौरान लांस नायक प्रितपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह की मौत हुई। शनिवार सुबह यह जानकारी आई। ऑपरेशन अखल 1 अगस्त से जारी है। आज इसका नौवां दिन है। इसमें 2 अगस्त को 2 आतंकियों के मारे जाने की खबर आई थी। जबकि अब तक 9 जवान घायल हो चुके हैं। इनमें से ही दो की मौत हुई है। 2 अगस्त की सुबह मारे गए आतंकियों में से एक की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई थी, जो सी-कैटेगरी का आतंकी था। हारिस उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे।

## पेपर लीक में पूर्व सीएम गहलोत का पीएसओ गिरफ्तार

### सब इंस्पेक्टर का पेपर खरीदा था, एसओजी ने राजकुमार यादव के बेटे को भी पकड़ा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** एसओजी ने शुक्रवार देर रात एसआई पेपर लीक से जुड़े मामले में राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत के पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (पीएसओ) राजकुमार यादव और उसके बेटे भरत यादव को गिरफ्तार किया है। राजकुमार यादव और उसके बेटे भरत यादव को तीन दिन की रिमांड पर भेजा गया है। मामले को लेकर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पोस्ट की। लिखा- किसी भी व्यक्ति की अपराध में कोई संलिप्तता हो तो कानून अपना काम करें। एसओजी रात से दोनों से पूछताछ कर रही है। अब तक जांच में सामने आया है कि राजकुमार यादव ने बेटे के लिए सब इंस्पेक्टर का पेपर खरीदा था। राजकुमार यादव का बेटा भरत यादव भर्ती एग्जाम में पास हो गया था। इसके बाद फिजिकल में फेल हो गया। अशोक गहलोत के सीएम रहने के दौरान राजकुमार यादव उनकी सुरक्षा में तैनात था। प्रदेश में बीजेपी सरकार बनने के बाद अशोक गहलोत का पीएसओ लग गया था। इन्हें कोर्ट में पेश कर दिया गया है। अब रिमांड पर लिया जाएगा।



## ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के 5 जेट गिराए-एयरफोर्स चीफ

### सर्विलांस एयरक्राफ्ट को भी तबाह किया



**बेंगलुरु।** एयर फोर्स चीफ एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है। एपी सिंह बेंगलुरु के एचएएल मैनेजमेंट अकादमी ऑडिटोरियम में एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे मेमोरियल लेक्चर के 16वें सीजन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार काम किया, पाकिस्तान हमारा एयर डिफेंस सिस्टम नहीं भेद पाया। उन्होंने कहा, एयर फोर्स चीफ ने आगे कहा कि पाकिस्तान के बहावलपुर में हमले के पहले और बाद की तस्वीरें सबके सामने हैं। वहां कुछ नहीं बचा था। ये तस्वीरें न सिर्फ सैटेलाइट से ली गईं। बल्कि लोकल मीडिया ने भी तबाह हुई बिल्डिंग की अंदर की तस्वीरें दिखाईं थीं।

### पटेला री पोल

रक्षाबंधन पर बहनों ने, भाइयों के बांधा रक्षा धागा
सबसे करेंगे बहन की रक्षा,भाव सभी के यह जागा
इतिहास गवाह धागे के पीछे, लिखी इबादत बदली
महत्व मान लो एक धागे का, हथकड़ियां इससे पिघली

..मुखिया जी

CMYK

# भगवान झूलेलाल को रक्षा सूत्र बांध कर मनाया रक्षा बंधन पर्व

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** सिंधी समाज के आराध्यदेव भगवान झूलेलाल के दरबार में शनिवार सुबह रक्षा बंधन का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के नाथद्वारा सराय स्थित झूलेलाल कॉलोनी में दादा हेमराज मल भगत झूलेलाल सनातन मंदिर प्रांगण में दादा हेमराज मल सेवा समिति के पदाधिकारियों, सेवाधारियों और भगत परिवार के सदस्यों ने एकत्र होकर यह आयोजन किया। इस मौके पर भगवान झूलेलाल की प्रतिमा को रक्षा सूत्र बांधने की परंपरा निभाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में सुबह की आरती के साथ हुई। समिति के कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने सबसे पहले भगवान झूलेलाल की प्रतिमा का विधिवत पूजन किया। प्रतिमा को तिलक व अक्षत अर्पित किए गए, माल्यार्पण कर उनका श्रृंगार किया गया और मिष्ठान का भोग लगाया गया। इसके बाद आराध्यदेव को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी कृपा व आशीर्वाद की कामना की गई। सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि



रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष्य में यह आयोजन समिति के अध्यक्ष गुलशन कुमार विधानी और महामंत्री हरीश सखरानी के संयुक्त नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मंदिर प्रांगण भजन-संगीत, कीर्तन और पल्लव अरदास की मधुर ध्वनियों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पल्लव करते हुए भाई-बहनों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और समाज में आपसी प्रेम-बन्धन को मजबूत करने की प्रार्थना की। कार्यक्रम में महंत भगत टेऊं राम व उनकी धर्मपत्नी भगवंती देवी का भी विशेष सम्मान किया गया। समिति की ओर से उनका अभिनंदन कर शॉल, फल और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। महंत टेऊं राम ने इस अवसर पर समाज को एकजुट होकर धार्मिक और सामाजिक कार्यों में आगे बढ़ने का संदेश दिया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि दादा हेमराज मल सेवा समिति समय-समय पर मंदिर परिसर में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन करती रहती है। रक्षा बंधन पर्व पर हर साल बड़ी संख्या में समाजजन यहां एकत्र होते हैं और अपने आराध्य को रक्षा सूत्र बांधकर एक विशेष अनुष्ठान सम्पन्न करते हैं। यह परंपरा समाज में भाई-बहन के रिश्ते के साथ-साथ भगवान और भक्त के अटूट बंधन का प्रतीक मानी जाती है। आयोजन के दौरान मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह से ही श्रद्धालु परिवार सहित मंदिर पहुंचकर भगवान झूलेलाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का सिलसिला घंटों चलता रहा, जिसमें सभी उम्र के भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला मंडल की सदस्याओं ने भजनों में अपनी मधुर स्वर-लहरियों से वातावरण को भक्ति-रस से सराबोर कर दिया।

भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक इस पर्व पर भगवान झूलेलाल की प्रतिमा को राखी बांधने की विशेषता पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि यह परंपरा समाज में धार्मिक आस्था के साथ-साथ रक्षाबंधन के पावन भाव को भी जीवित रखती है। कई श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर अपने बच्चों को भी मंदिर लाकर यह अनूठी परंपरा दिखाई ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इसे अपनाएं और समाज की विरासत को आगे बढ़ाएं। इस दौरान मंदिर प्रांगण में प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। मिष्ठान और पंचामृत से बने प्रसाद को श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। समिति के सेवाधारियों ने प्रसाद वितरण और श्रद्धालुओं की सेवा में पूरी तत्परता दिखाई। समिति के अध्यक्ष गुलशन कुमार विधानी ने कहा कि रक्षा बंधन केवल भाई-बहन का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, विश्वास और संरक्षण के संकल्प का पर्व है। भगवान झूलेलाल की प्रतिमा को रक्षा सूत्र बांधकर हम उनसे अपने समाज, परिवार और पूरे देश की रक्षा करने का आशीर्वाद मांगते हैं। महामंत्री हरीश सखरानी ने बताया कि आने वाले दिनों में समिति की ओर से मंदिर में भजन संध्या, सत्संग और अन्य धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, ताकि समाज में भक्ति, एकता और सेवा की भावना को और सशक्त किया जा सके।कार्यक्रम में झूलेलाल मित्र मंडल के गोर्धन जेठानी, मनोहर रामनानी, चीजनदास फतनानी, महेश खोतानी, अशोक केवलानी, नानक जेठानी सहित सैकड़ों सेवाधारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्टर को पत्र देकर माहेश्वरी समाज संपत्ति ट्रस्ट ने जीर्ण  र्ण भवन को गिराने की मांग की

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** माहेश्वरी समाज संपति ट्रस्ट भीलवाड़ा का 100 वर्ष पुराना माहेश्वरी धर्मशाला भवन जो जूनावास में बना हुआ है एवं जिसमें वर्तमान में किराए पर लगभग 50 वर्ष से निजी विद्यालय संचालित है, जो झर झर होकर,जीर्ण र्ण अवस्था में पहुंच गया है ।

जिसके कभी भी गिर जाने का अंदेशा है जिससे जान, माल ,जन हानि हो सकती है,उक्त भवन व्यस्तम मार्ग पर बस्ती के मध्य बना हुआ है।

उसे तुरन्त गिराने के लिए जिलाधीश महोदय को पत्र लिखकर निवेदन किया है मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताएं कि ट्रस्ट के रमेश राठी एवं एडवोकेट अशोक काबरा ने इससे पूर्व भी इस हेतु किरायेदार,संबंधित शिक्षा विभाग को भी निवेदन किया गया



था, परंतु कोई कार्यवाही नहीं हो पाई थी विद्यालय प्रबंधक अब भी अपनी हठ धर्मिता से छोटे छोटे बच्चों के जीवन से खिलवाड़ कर रहा है ।

ट्रस्ट द्वारा भवन को गिराने की मांग को नहीं मान रहा है अत: पुन: जिलाधीश महोदया को निवेदन कर ट्रस्ट द्वारा इस भवन को तुरन्त गिराने की मांग की गई।

# बहन ने भाई को कलाई पर बंधा रक्षा बंधन

**मदनगंज किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** बहन भाई की प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन त्यौहार शनिवार को मार्बल नगरी में हरसोलश के साथ मनाया गया। शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उसके सुख समृद्धि की कामना की। बहन ने भाई की तिलक लगाकर, मुंह मीठा करवाकर, रक्षा सूत्र बांधकर, आरती कर जीवन की मंगलकामना की। वही नगर के विभिन्न विद्यालय में भी रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रगति नगर स्थित सेंट स्टीफन सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में प्री प्राइमरी से कक्षा 8 के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने एक दूसरे को राखियां बांधकर पर्व की शोभा को बढ़ाया व रक्षा का विश्वास भी दिलाया। 1 से कक्षा 5 में फेस्टिवल थीम पर ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न उत्सवो पर आधारित मनमोहक चित्र बनाएं। जिसमें बच्चों ने पर्वों का महत्व भी बताने का प्रयास किया। 6 से कक्षा 8 में राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। भाई- बहन के बीच प्रेम को दर्शाने की कोशिश की। अकादमिक प्रमुख मीनू चतुर्वेदी,



प्रधानाचार्य इंग्लिश मिडिल संजय चतुर्वेदी व प्रधानाचार्य सीनियर सेकेंडरी सुशील यादव ने बच्चों के उत्साह की सराहना की। प्रतियोगिताओं में वंदना मुखिया, दीपिका दाधीच खुशबू सक्सेना व मंजू राजावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अजमेर रोड इमानुएल पब्लिक स्कूल में राखी महोत्सव का आयोजन किया गया।

जिसमें राखी थाली क्राफ्ट, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम विद्यालय निदेशक एमए राजू की उपस्थिति में विद्यालय स्टाफ द्वारा संचालित किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में जीविका, स्वाति ने संयुक्त रूप से और सीनियर वर्ग में पलक और केशव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। थाली क्राफ्ट में जूनियर वर्ग में कुमकुम और सीनियर वर्ग में पूर्वी प्रथम रही। रंगोली में राशि का प्रथम स्थान रहा। शिवांश, जगमोहन, हर्ष, चेतना, दितया, रुद्राक्ष, वंशिका, मानसी, जानवी, खुशी ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। चंद्रा कॉलोनी स्थित आदिनाथ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्षाबंधन पर्व पर राखी थाली सजाओ प्रतियोगिता आयोजित हुई।

जिसमें प्रथम अनिरुद्ध लवीनीका द्वितीय लिप्सा व हर्ष एवं तृतीय रागिनी शर्मा दीक्षिता यादव एवं अलशिफा रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में फूलों का तारों का सबका कहना है कक्षा 12वीं की छात्रा मानसी ने गायन प्रस्तुत किया। बहन ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है गीत पर छात्रा पूनम एवं नैना ने नृत्य किया। इस अवसर पर सचिव सुभाष जैन ने रक्षाबंधन पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि यह त्यौहार भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है। यह श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। सभी छात्राओं ने छात्रों के तिलक लगाकर राखी बांधी एवं मुंह मीठा करवाया। सारिका लता डिंपल विभा वंदना एवं आयुषी आदि अध्यापिकाओं का विशेष सहयोग रहा। अंत में कार्यक्रम संयोजक अविनाश जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रक्षाबंधन पर पौधों की रक्षा का संकल्प, शहरी मनरेगा कर्मियों का अनोखा नवाचार

**जहाजपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रक्षाबंधन के अवसर पर शहरी मनरेगा योजना के तहत जहाजपुर में एक अनोखी पहल की गई। मनरेगा कर्मियों ने पौधों को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया और प्रकृति के प्रति गहरा लगाव व जिम्मेदारी का संदेश दिया। नगरपालिका उपाध्यक्ष राजीव कांटिया एवं भाजपा नगर अध्यक्ष महेंद्र सोयल सहित पार्षदों ने आज बरगद का पेड़ लगा कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की। नगर पालिका चेयरमैन नरेश मीणा के हरित जहाजपुर के सपने को साकार करने में पालिका ईओ राघव मीणा एवं तकनीकी सहायक प्रखर भारद्वाज ने बखूबी अपना योगदान देकर इस सपने को पूरा करने में लगातार प्रयासरत हैं। अधिक से अधिक छायादार पेड़ लगाने और उनकी देखभाल को लेकर पालिका टीम प्रतिबद्ध है। स्वायत्त शासन



विभाग द्वारा निर्धारित 7,500 पौधे लगाने के लक्ष्य के अंतर्गत, पालिका क्षेत्र में पौधारोपण अभियान जोरशोर से चल रहा है। इसी क्रम में चंबल ऑफिस के सामने चारागाह भूमि पर पौधे रोपे गए। उनकी सुरक्षा के लिए चारों ओर जाली व खंभों से फेंसिंग करवाई गई, जबकि पानी की व्यवस्था के लिए पौधों के आसपास छोटे-छोटे गड्ढे बनाकर बरसाती पानी एकत्र करने की व्यवस्था की गई। इसके अलावा, अलग से एक पोंड खुदवाकर पानी स्टोर किया गया, ताकि पौधों को समय-समय पर सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। यह नवाचार न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली का अमूल्य उपहार भी साबित होगा। इस मौके पर नगरपालिका उपाध्यक्ष राजीव कांटिया, भाजपा नगर अध्यक्ष महेंद्र सोयल, पार्षद रामप्रसाद रेगर, राजकुमार माली, पंकज घारू सहित मनरेगा कार्मिक मौजूद थे।

## कथा के चौथे दिन धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्म उत्सव

**किशनगंज (हुक्मनामा समाचार)।** किशनगंज कस्बे के शाक्यवाल कोली समाज मंदिर पर चल रही नौ दिवसीय बाबा रामदेव मानस रामचरित कथा मैं चौथे दिन शिव भगवान व कृष्ण जन्मोत्सव की झांकी सजाई गई। कथा वाचक में मेघ ऋषि गोपाल महाराज ने व्यास पीठ से कृष्ण जन्म और उनके बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन करते हुए कहा कि यदि मनुष्य सच्चे हृदय से भगवान की भक्ति करता है तो ईश्वर अवश्य प्रकट होते हैं और अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति ही मोक्ष का मार्ग है। कथा वाचक में कृषि गोपाल महाराज ने अपने कथा वाचन में कहा कि भक्ति से कम नष्ट होते हैं जैसे सूर्य अंधकार को नष्ट करता है उसी प्रकार भगवान कृष्ण की भक्ति करने से भगवान भी उनके कर्मों को नष्ट करते और धार्मिक कार्यों को पुणे मिलता है। भगवान कृष्ण ने अवतार लेकर पापियों का विनाश किया अधर्म के रास्ते पर चलने वालों को धर्म का रास्ता बताया। शाक्यबाल समाज मंदिर कृष्ण भक्ति के रंग में रंगगया। कृष्ण के जन्म उत्सव पर महिलाएं बुजुर्ग और बालक बालिकाएं कृष्ण जन्म के समय नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों पर झूमते नजर आए। आज की कथा के यजमान रामूशाक्यवाल द्वारा कथा का वचन कराया गया। इस दौरान शाक्यवाल कोली समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मदन शाक्यवाल प्रभु लाल साहब केवल रामू विष्णु शाक्यवाल, डालचंद मूलचंद कोमल पहलाद मेघवाल बद्रीलाल पप्पू खिची उपस्थित रहे।

## 10 हजार के ईनामी वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा, एन डी पी एस एक्ट मामले मे था फरार

**माण्डल/ भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** मांडल थाना पुलिस की टीम ने 10 हजार रुपये के ईनामी और एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में पिछले 4 साल से फरार चल रहे वांछित आरोपी चतर सिंह चारण को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को गच्चा दे रहा था। कार्रवाई थानाधिकारी विक्रम सेवावत के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की 11 फरवरी 2021 को तत्कालीन थानाधिकारी राजेन्द्र गोदारा के नेतृत्व में माण्डल चौराया हाईवे रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक स्विफ्ट कार से 304.235 किलोग्राम डोडा-चूरा बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने प्रवीण ब्राह्मण, मुकेश सिंह चारण, रंगलाल रावत, विक्रम सिंह चारण और कालू मीणा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जबकि आरोपी चतर सिंह पिता नरसिंह चारण निवासी मेरियाखेड़ी ढाणी, थाना




कुकड़ेश्वर, जिला नीमच (म.प्र.) फरार हो गया था। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम ने चित्तौड़गढ़, नीमच, मंदसौर और रतलाम में लगातार रैकी की और गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपी को डिटेन किया। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब आरोपी से अग्रिम पूछताछ कर रही है ताकि नेटवर्क और अन्य संलिप्त आरोपियों का भी पता लगाया जा सके।

रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में भाई-बहन का विशेष कार्यक्रम

# बहन का होता अटूट विश्वास,दुनिया में हर पल मिलेगा भाई का साथ-कुमुदलताजी म.सा.

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. ने आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा सुभाषनगर संघ के तत्वावधान में दिवाकर कमला दरबार में शनिवार को रक्षाबंधन पर विशेष प्रवचन हुए। रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में 10 अगस्त रविवार को भाई-बहन के लिए विशेष कार्यक्रम होंगा। इसमें बहन-भाई एक दूसरे के रक्षा सूत्र बांधने के साथ एक-दूसरे की रक्षा का संकल्प भी लेंगे। प्रवचन में महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व भाई बहन के लिए कलाई पर राखी बांध लेने-देने का अवसर नहीं होकर सर्वस्व समर्पित कर देने का संदेश देने वाला प्रेम व वात्सल्य से भरपुर दिवस होता है। बहन को हमेशा विश्वास होता है कि दुनिया में कोई उसका साथ दे




या न दे पर भाई उसका साथ नहीं छोड़ेगा। मां से भी बड़ा मामा होता है जो बहन की संतानों को भी योग्य बनाता है ओर मायरा भरता है। भाई-बहन के प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण भगवान कृष्ण द्वारा द्रोपदी के चीर को बढ़ा उसे अपमान से बचाना है। कोई भाई-बहन कषाय के कारण नहीं बोलते है तो इस दिन क्षमा मांग लेना चाहिए तभी ये पर्व मनाना सार्थक होगा। धर्मसभा में स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा.ने कहा कि रक्षाबंधन का जैन धर्म में बड़ा महत्व है। श्रमण संस्कृति की रक्षा का यह पर्व रक्षाबंधन के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व अपनी आत्मा ओर अपने धर्म की रक्षा करने का दिन है। साधु साध्वी ने घर का त्याग कर दिया है तो इनकी रक्षा करना भी श्रावक-श्राविकाओं का दायित्व है।

गुरू ही हमारे उपर्सगों को दूर करते है अत: श्रावकों को इनके उपकारों को रक्षा करके चुकाना है। वास्तुशिल्पी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने कहा कि परिवारजन,भाईबंधुओं ओर धन की रक्षा करने से हमारा कर्तव्य पूरा नहीं हो जाता। देव,शास्त्र व गुरू की भी रक्षा करनी है। हम इनकी रक्षा का संकल्प लेकर रक्षाबंधन पर्व मनाना सार्थक करे। धर्मसभा में विद्याभिलाषी साध्वी राजकीर्तिजी म.सा.का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। श्रावक-श्राविकाओं ने तेला, उपवास,आयम्बिल,एकासन आदि तप के प्रत्याख्यान भी लिए। धर्मसभा में पूना से जैन कॉन्फ्रेंस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पारसमल मोदी, चन्द्रकांत धोका, पारसमल चौरड़िया,बेंगलौर से ज्ञानचंद लोढ़ा, साध्वी पद्मकीर्तिजी के सांसारिक परिजन विनीत डूंगरवाल, हैदराबाद से शांतिलाल मुथा, बेंगलौर से पाल प्रभाजी खाब्या, अंगूर पोरवाल, महेन्द्र टोडरवाल आदि अतिथि पधारे। अतिथियों का स्वागत आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति एवं सुभाषनगर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने किया। संचालन चातुर्मास समिति के सचिव राजेन्द्र सुराना ने किया।

## न्यूज विंडो

## चेलना जागृति महिला मंडल का सावन महोत्सव आयोजित



**मदनगंज किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** चेलना जागृति महिला मंडल का सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। सचिव रश्मि छाबड़ा ने बताया की मंडल की संरक्षक शांता सुरेश पाटनी (आर. के. मार्बल) के विवाह स्वर्णिम 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मार्बल एसोसिएशन स्थित हाल में उत्साह से वर्षगांठ मनाई गयी। सभी महिला सदस्यों ने गीत संगीत नृत्य के माध्यम से अपने अपने भाव शांता पाटनी के समक्ष रखे।

सूंदर पेरोडी के माध्यम से विवाह 50 वर्षो को दर्शाया और सभी महिलाओ ने उनके आगामी जीवन में खुशहाली और समृद्धि का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर जैन, प्रेमलता जैन, कुसुमलता ने पाटनी का फूलो का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। डम्पिंग यार्ड में सावन के झूलो का लुत्फ़ उठाया। सावन महोत्स्व का आकर्षण फनी गेम्स, सावन हाउजी, रंगारंग नृत्य, चुटकला थे। जिसमें सभी महिलाओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अध्यक्ष नवरत्न दगड़ा, गुनमाला देवी, रेखा काला, विभा गंगवाल, बिना कासलीवाल, इंदु लुहाड़िया, सारिका, दीपा, संगीता, आकांशा, कुमकुम, टीना, ज्योत्स्ना, वंदना, शिल्पा, नेहा छाबड़ा, सुनीता गंगवाल, सरिता पहाड़िया, अनुराधा, रिया, निशा, वंशिका सभी सदस्य वहा मौजूद थे।

कार्यक्रम का संचालन रश्मि छाबड़ा ने किया। प्रकाश चंद गंगवाल, विनोद चौधरी एवं इन्दर चंद पाटनी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अंत में संरक्षका शांता पाटनी ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की और सबका आभार जताया।

## 16 दिवसीय 1008 शांतिनाथ मंडल विधान का समापन हुआ



**पिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)।** धर्ममय नगरी में इस वर्ष खंडूपुरा के नवीन जिनालय जूना मंदिर में समतामय चातुर्मास के दौरान 25 जुलाई से 9 अगस्त तक आचार्य गुरुदेव चंद्र सागर जी के आशीर्वाद से उनकी परम शिष्या गुरुमा आर्यिका रत्न 105 चिन्मय मति माताजी संसघ सानिध्य में शुक्ल पक्ष में पार्श्वनाथ दिगंबर जैन जूना मंदिर खंडूपुरा 16 दिवसीय 1008 शांतिनाथ मंडल विधान का समापन हर्षोल्लास व भक्ति भाव के साथ हुआ। समापन के दिन विधान के पुण्यार्जक व प्रभावना वितरण परिवार पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र जैन, प्रमोद जैन व बंटी जैन परिवार सहित 41 सौधर्म बने परिवारो द्वारा भक्ति भाव के साथ सिध्दों की आराधना की। वही 1008 (11वे) तीर्थंकर श्रेयांसनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर्व पर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन जूना मंदिर खंडूपुरा में आर्यिका माताजी 105 चिन्मय मति माताजी संसघ सानिध्य में 11 किलो का निर्वाण लाडू कमलचंद जैन कटपिस सेंटर परिवार द्वारा चढ़ाया गया। विधान के दौरान मुस्कान दीदी व शेलनी दीदी की सुमधुर भजनों के माध्यम से श्रवाको द्वारा भक्ति की गई।

विधान के समापन के दौरान प्रात:काल 6.30 से 7 बजे तक संगीतमय शांतिधारा, 7 बजे से संगीतमय शांतिनाथ मंडल विधान मध्य में माताजी का उद्बोधन हुआ। वही चातुर्मास समिति अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया कि रविवार को माताजी संसघ सानिध्य में 700 मुनियों के उपसर्ग दूर हुआ था। जिसके तहत पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन जूना मंदिर खंडूपुरा में 700 फल चढ़ाए जाएंगे।

## रक्षाबंधन के पर्व पर राजस्थान सरकार का महिलाओं को तोहफा रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार के द्वारा रक्षाबंधन के पावर पर महिलाओं को एक बड़ा तोहफा दिया गया है, राजस्थान सरकार के द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर दो दिनों के लिए राजस्थान रोडवेज को निशुल्क किया गया है,जहां पर महिलाएं अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए निशुल्क जाकर यात्रा कर रही है।जिसको लेकर राजस्थान सरकार ने तोहफा दिया है।9 अगस्त 10 अगस्त 2 दिन के लिए राजस्थान रोडवेज को फ्री किया गया है।राजस्थान फ्री रोडवेज के साथ में ही महिलाओं की भारी भीड़ भी डीडवाना रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंची है।सभी महिलाएं अपने-अपने पीहर गांव ससुराल गई है।अपने भाइयों को राखियां बांधी है। डीडवाना शहर में रोडवेज बस स्टैंड पर भारी भीड़ महिलाओं की देखी गई है।महिलाओं में भारी उत्साह भी रक्षाबंधन को लेकर देखा गया। महिलाएं रोडवेज में यात्रा कर अपने घर पहुंची अपने भाइयों को रक्षाबंधन का पवित्र धागा बांधने के लिए जिस तरह रक्षाबंधन का बहुत ही बड़ा महत्व है।उस महत्व को निभाने के लिए बहने अपने-अपने घर पहुंची। राजस्थान सरकार का यह तोहफा महिलाओं के लिए एक बड़ा उपहार है। जिस तरह रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की गई।जिससे महिलाओं को सुविधा में मिली है।एव महिलाओं ने राजस्थान सरकार का आभार भी व्यक्त किया है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, संपादक – प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक – वैभव लोढ़ा, जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय –902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

CMYK



## सबको बनाने वाले से सबके मंगल की कामना करने वाले स्वयं का मंगल परमात्मा करते है : राहुल

### जन सेवा समिति के तत्वावधान में सर्वधर्म प्रतिनिधियो की सबका मंगल हो वैचारिक गोष्ठी

**अजमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** सबको बनाने वाले परमपिता परमात्मा से सृष्टि के समस्त प्राणियों सबके मंगल की कामना करने वाले का स्वयं का मंगल परमात्मा करते है।उपरोक्त विचार जन सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सर्वधर्म प्रतिनिधियो की सबका मंगल हो विषय पर आधारित वैचारिक गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य बौद्व मठठ के अध्यक्ष गुणवन्त राहुल सुमन छाबडा ने व्यक्त् करते हुए कहा कि हम सबको महात्मा बुद्व की शिक्षाओ के अनुसार जीवन में आचरण करना चाहिये।मुस्लिम प्रतिनिधि रेल्वे से सेवानिवृत यासीन खान सिलावट ने सबको भाईचारे से रहने की बात कही।सरदार भजन सिंह ने समस्त सृष्टि के जीवो पर दया करने की बात कही।कार्यक्रम के संयोजक व सर्वधर्म समिति के संस्थापक व जन सेवा समिति के महासचिव रमेश लालवानी ने विश्व के मानव को समसत चोरासी लाख योनियो में मानव योनि को सर्वश्रेष्ठ बताया और मानव को ही अन्य जीवो की सुरक्षा में प्राकृतिक संसाधानों के सरंक्षण के लिए प्रयास करने की बात कही।सिख धर्म के सरदार जगजीत सिंह ने भी गुरू नानक देव के जीवन की शिक्षाओ को बताया।बौद्व घर्म की बौद्व मठठ की श्रीमती सोनी राहुल,सुमन गौड,विक्रम सिंह कालोत,सुश्री प्रेरणा,श्रीमती शहनाज खान,राधास्वामी सत्संग डेरा बाबा जैमलसिंह डेरा ब्यास अमृतसर सन्तमत के विचारक रमेश लालवानी, जैन धर्म की श्रीमती उषा मित्तल,ईसाई समुदाय विचारक के.एस.डेविड सहित अन्य ने सबका मंगल हो विषय पर आधारित वैचारिक गोष्ठी में विचार व्यक्त किये।

## ढाई साल से फरार तस्कर पंजाब से गिरफ्तार

**अजमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** अजमेर की गेगल थाना पुलिस ने मादक पदार्थ पर कार्रवाई करते हुए ढाई साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस गश्त को देखकर डोडा पोस्ट गाड़ी सहित मौके पर छोड़कर अपने साथी के साथ फरार हो गया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

गेगल थाना प्रभारी सुमन चौधरी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम को लेकर पुलिस मुख्यालय की ओर से एक अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत एसपी वंदिता राणा की ओर से जिले के सभी थाना अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिसे लेकर एक थाने पर टीम का गठन किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि जून 2023 में थाना क्षेत्र में पुलिस टीम की ओर से नाकाबंदी की जा रही थी। तभी स्कूटी और मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्ट को परिवहन करके मध्य प्रदेश से पंजाब लेकर जा रहे थे। तभी पुलिस गश्त को देखकर दोनों बदमाश डोडा पोस्ट और अपनी गाड़ियां लावारिस छोड़कर भाग गए।

पुलिस टीम को एक स्कूटी और मोटरसाइकिल सहित 24 किलोग्राम डोडा पोस्ट जब्त हुआ था। इसके बाद थाने पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में श्रीनगर में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच गेगल थाना प्रभारी को दी गई थी। टीम ने मामले में पंजाब में दबिश देकर ढाई साल से फरार आरोपी पंजाब जिला बठिंडा निवासी कुलवंत सिंह (54) पुत्र गुरचरण सिंह को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया की आरोपी कुलवंत सिंह ने मध्य प्रदेश जाकर अनुसंधान किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

## अजमेर ब्लैकमेल-कांड आरोपियों को 32-साल बाद मिली सजा पर रोक

**अजमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** अजमेर के बहुचर्चित अश्लील फोटो ब्लैकमेल कांड के ं को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। करीब 32 साल बाद 20 अगस्त 2024 पॉक्सो कोर्ट इन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सजा के फैसले पर राजस्थान हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश जारी किया है। कोर्ट के फैसले के बाद आरोपी नफीस चिश्ती, इकबाल भाटी, सलीम चिश्ती और सैयद जमीर हुसैन फिर जेल से बाहर आएंगे।

साल 1992 में 100 से ज्यादा कॉलेज गर्ल्स के साथ गैंगरेप और उनकी न्यूड फोटो सर्कुलेट होने पर तहलका मच गया था। कई छात्राओं ने बदनामी के डर से सुसाइड कर लिया था।

तत्कालीन सरकार ने यह केस सीआईडी-सीबी को सौंपा था। मामले में 18 आरोपी थे। 4 सजा भुगत चुके हैं। 4 को हाईकोर्ट दोषमुक्त कर चुका है। एक ने 30 साल पहले केस के दौरान ही सुसाइड कर लिया था। दो आरोपियों पर लड़के से कुकर्म का केस चला। इसमें एक सजा भुगत चुका है और एक पर केस चल रहा है। एक आरोपी फरार है। वहीं, 6 पर फैसला 20 अगस्त 2024 को आया था। इस केस में 104 लोगों ने गवाही दी। 3 पीड़ित अपने बयान पर आखिर तक डटी रहीं। कोर्ट ने 208 पेज का फैसला सुनाया था। आरोपियों ने रील डेवलप करने के लिए लैब में दी थी। न्यूड तस्वीरें देख लैब के कर्मचारियों की नीयत बिगड़ गई थी। उनके माध्यम से ही लड़कियों की न्यूड फोटो बाजार में आई। मास्टर प्रिंट कुछ लोगों के पास ही थे, लेकिन इनकी जेरोक्स कॉपी शहर में सर्कुलेट होने लगी। ये फोटो, जिसके भी हाथ में लगी, उसने लड़कियों को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इस कारण कॉलेज की 6 लड़कियों ने सुसाइड कर लिया।

## रक्षाबंधन पर्व पर गो माता को हरा चारा व गुड़ खिलाया



**ब्यावर, ( हुक्मनामा समाचार )।** रक्षाबंधन पर्व के मौके पर संत राजेन्द्रपुरी महाराज के सानिध्य में गो सेवा की गई। इस मौके पर शहर के मसूदा रोड स्थित तिजारती सर्राफान गो शाला में सबसे पहले संत राजेन्द्रपुरी महाराज ने वहां स्थापित गो माता तथा भगवान केशव के दर्शन किए। दो दिन पूर्व संत राजेन्द्रपुरी महाराज को संस्कृत दिवस पर राज्य सरकार द्वारा सममानित किए जाने के उपलक्ष्य में गो शाला में गो माता को एक टैंपों हरा चारा तथा गुड़ खिलाकर सेवा की गई। सेवा कार्य के दौरान माहेश्वरी समाज अध्यक्ष दिलीप कुमार जाजू, सहमंत्री प्रभात राठी, जुगल मनिहार, संजय बियानी, गुमानमल झंवर, लालचंद हेडा तथा स्वरूप नारायण झंवर आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

# बहिनो ने भाई की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र





**ब्यावर, ( हुक्मनामा समाचार )।** भाई-बहन के प्यार एवं पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास से मनाया गया। शुभ मुहूर्त में बहिनो ने अपने भाईयो की कलाई पर राखी बांध कर शुभ भविष्य की कामना की। भाइयों ने बहनों को आशीर्वाद देने के साथ शगुन के रूप में उपहार भेंट किए, बहनों ने भाइयों को मुंह मीठा करवाकर रक्षा का वचन लिया। रक्षा बंधन के पर्व पर कई घरों में दूध के साथ सैवइयां आने वाले मेहमानों को परोसे जाने की परंपरा का भी निर्वहन किया गया। घरों में बहनें और नाती रिश्तेदारों के आने-जाने के कारण पूरे दिन हंसी-खुशी का माहौल रहा। इस मौके पर बाजारों में मिठाई विक्रेताओं के यहां ग्राहकों की भीड़ रही। मिठाई व्यवसायियों ने भी त्योहार को ध्यान में रखते हुए लोगों की पसंद की विशेष मिठाइयां तैयार करवाई अलग काउंटर भी लगाए। श्रावणी पर्व के इस अवसर पर लोग अलसुबह मंदिरों में ठाकुरजी की विशेष पूजा करने के साथ पवित्र जलाशयों में स्नान करने पहुंचे और अपने पितरों की भी पूजा-अर्चना कर पवित्र जल अर्पण किया।

## बसो पर उमडी महिलाओ की भीड

**ब्यावर।** रक्षाबंधन के दिन रोडवेज की सभी साधारण व एक्सप्रेस बसों में महिलाओं के लिए राज्य की सीमा में निशुल्क यात्रा की सुविधा रही। यह सुविधा बीती आधी रात 12 बजे के बाद से रक्षाबंधन की रात 12 बजे तक महिलाओ ने नि: शुल्क रोडवेज बस यात्रा का लाभ उठाया। इस बार राज्य सरकार ने महिलाओ के लिए दो दिन की फ्री यात्रा करने की घोषणा की है। कार्यकारी निदेशक यातायात की ओर से जारी आदेश में रक्षा बंधन पर एसी-वोल्वो-मर्सिडीज नेशनल परमिट पर संचालित गाडियों को छोड़ शेष सभी श्रेणी की बसों में महिलाओं बालिकाओं को निशुल्क यात्रा सुविधा मुहैया कराने को कहा गया है। उन्हें शून्य किराए का टिकट दिया गया। राज्य सरकार की ओर से रोडवेज की बसों में महिलाओं के लिए नि: शुल्क सफर की व्यवस्था होने से रोडवेज बसें यात्रियों से खचाखच भी हुई चली।

## मंदिर गई महिला के घर से चोरी

**अजमेर ( हुक्मनामासमाचार )।** अजमेर की कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात सामने आई है। महिला चोर घर में घुसकर सोने के जेवर और 27 हजार नगदी चोरी कर फरार हो गई। पीड़ित परिवार मंदिर गया हुआ था। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार गांधी बाजार मदार गेट निवासी रजनी देवी ने मुकदमा दर्ज करवाया है। महिला ने शिकायत देकर बताया कि वह घर के आस-पास मंदिर में गई हुई थी। इसी बीच एक महिला घर में घुसी और दो जोड़ी झुमके, एक जोड़ी टॉप्स, एक अंगूठी, एक मंगलसूत्र के साथी नाक की लौंग और 27000 रुपए नगदी लेकर फरार हो गई।

पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि जब वह घर पहुंची तो सोने के जेवरात और नगदी गायब थी। मकान मालिक का सीसीटीवी चेक किया तो उसमें एक महिला आते हुए दिखाई दी थी। कोतवाली थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रतिबंधित 98 एविल इंजेक्शन के साथ एक युवक गिरफ्तार

### नशे के अवैध कारोबार पर सिटी थाना पुलिस ने शिकंजा कसा



**ब्यावर ( हुक्मनामा समाचार )।** ब्यावर में नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए सिटी थाना पुलिस ने 98 प्रतिबंधित एविल इंजेक्शन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गढ़ी थोरियान निवासी श्रवण के रूप में हुई है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देश पर की गई। एएसपी भूपेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन और पुलिस उपाधीक्षक राजेश कसाना के सुपरविजन में थाना प्रभारी विजय सिंह ने टीम का नेतृत्व किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। इसके आधार पर टीम ने आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने युवक से बरामद प्रतिबंधित एविल इंजेक्शन जब्त किए।

औषधि नियंत्रण अधिकारी मोनिका की मौजूदगी में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के अवैध कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। साथ ही पुलिस ने आमजन से इस मुहिम में सहयोग की अपील की है।

## एसआई भर्ती के 1015 पदों के लिए कल से आवेदन

### अगले साल हो सकता है एग्जाम, साल 2021 की वैकेंसी अब तक पेपरलीक में घिरी

**अजमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से निकाली गई उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर के 1015 पद के लिए आवेदन कल यानि 10 अगस्त से शुरू होंगे।

इसके लिए आवेदन की लास्ट डेट 8 सितंबर तक है। आयोग ने इसके लिए एग्जाम की डेट 5 अप्रैल 2026 प्रस्तावित की है। साल 2021 में निकाली गई सब इंस्पेक्टर व प्लाटून कमांडर के 859 पदों पर भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोप लगे।

एसओजी ने ट्रेनी स्ढ्ढ सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया। फिलहाल इसे रद्द करना है या नहीं, इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

## डोडा-पोस्त सप्लायर कोटा से गिरफ्तार

**अजमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** अवैध डोडा-पोस्त की तस्करी मामले में पीसांगन थाना पुलिस ने फरार सप्लायर को कोटा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आठ माह पहले मिनी ट्रक से डोडा पोस्त बरामद किया था। उस दौरान मौके से दो आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस इन दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

पीसांगन थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय के अनुसार- फतेहपुरा तिराहे पर 17 दिसम्बर 2024 को पुलिस ने मिनी ट्रक का पीछा किया। आरोपी ट्रक छोड़कर फरार हो गए। ट्रक से प्लास्टिक के कट्टे व जूट की बोरियों में भरे हुए कुल 157.270 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने ट्रक व डोडा पोस्त जब्त कर जांच शुरू की।

गत 5 अगस्त को पुलिस ने घटनास्थल से फरार हुए आरोपी ओमप्रकाश गुर्जर व मेवाराम गुर्जर को गिरफ्तार किया। आरोपियों को गुमानपुरा- चेचट जिला कोटा ग्रामीण निवासी देवीलाल (56) पुत्र हीरालाल मीणा ने डोडा पोस्त की सप्लाई दी थी। पुलिस को आरोपी की तलाश थी। पुलिस ने आरोपी को कोटा से गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## किसान को 30 साल बाद वापस मिली आंखों की रोशनी

### खेत पर काम करते समय खोई थी, बहू-पोते को देख हुए भावुक; कहा- नई जिंदगी मिली

**अजमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** पाली के किसान अकबर काठात की 25 साल की उम्र में खेत में काम करते समय खांसी के साथ अचानक आंखों की रोशनी चली गई। 30 साल तक अंधेरे में जीवन बिताने वाले अकबर बेटे की शादी तक नहीं देख पाए। एक साल के पोते का चेहरा देखने के लिए तरस रहे किसान को 61 साल की उम्र में आंखों की रोशनी वापस मिल गई।5 अगस्त को अजमेर के जेएलएन अस्पताल में किसान की आंख का जटिल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन में करीब एक घंटे का समय लगा। डॉक्टरों का कहना है कि अकबर काठात अभी 3 मीटर तक देख सकते हैं। आगे धीरे-धीरे उनकी और रोशनी बढ़ेगी।

**खेत पर काम करते हुए गई रोशनी :** पाली निवासी अकबर काठात ने बताया कि 25 साल की उम्र में खेत पर काम करते समय उनकी आंखों में थोड़ी समस्या थी, जिसे उन्होंने नजरअंदाज कर दिया। एक दिन खेत पर काम करते वक्त अचानक खांसी आई और आंखों की रोशनी कम हो गई। अगली सुबह उठे तो कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। परिवार हरकत में आ गया।

**मेडिकल में पास नहीं हुई तो सदमे में था अकबर :** अकबर ने बताया कि उन्होंने रेलवे की नौकरी के लिए वह मेडिकल देने गए थे। लेकिन उन्हें फेल कर दिया था। 1981 में उन्होंने रेलवे की नौकरी के लिए मेडिकल दिया था। मेडिकल में पास नहीं होने के बाद से वह सदमे में आ गए थे। जिसके कारण ही उनकी यह आंखों की रोशनी चली गई।

**एक महीने तक ऑब्जर्वेशन में रखा :** रायपुर तहसील के रहने वाले अकबर ने पाली, ब्यावर, जयपुर और अजमेर के कई निजी व सरकारी अस्पतालों में दिखाया। सभी डॉक्टरों ने कह दिया कि इलाज संभव नहीं है। एक महीने पहले जेएलएन अस्पताल में डॉक्टर अंकुर से मिले। तीन दिन दवा देने के बाद भर्ती किया और एक महीने तक ऑब्जर्वेशन में रखा।

पोते और बहू को पहली बार देखने के बाद अस्पताल स्टाफ ने वीडियो बनाया। अकबर ने कहा- डॉक्टरों ने कह दिया था कि भारत के किसी भी कोने में जाओ, इलाज नहीं होगा। डॉक्टर साहब, आप नहीं होते तो मेरी जिंदगी मरी हुई थी।

**स्टाफ ने भावुक होते हुए वीडियो बनाया :** पहली बार पोते और बहू को देखने के बाद अस्पताल के स्टाफ के द्वारा उनका वीडियो बनाया गया। जिसमें मरीज अकबर ने कहा कि उन्होंने अपने पोते और बहू को पहली बार देखा है। वीडियो में अकबर ने कहा कि उसे डॉक्टर तक ने यह कह दिया था कि भारत के कोई से भी कोने में चला जा तेरा इलाज नहीं होगा। अकबर ने आगे कहा कि अगर डॉक्टर साहब आप नहीं होते तो मेरी जिंदगी मरी हुई थी।

यूवाइटिस के कारण दोनों आंखों में मोतियाबिंद की समस्या : डॉक्टर सोनू चौधरी ने बताया कि 1 महीने पहले पेशेंट हमारे पास आया था। 30 साल पहले क्रोनिक यूवाइटिस के नाम से बीमारी हो गई थी। जिससे इनको देखना बंद हो गया था। कई जगह पर इन्होंने दिखाया लेकिन इनका इलाज नहीं हो पाया था।

## महिंद्रा वर्कशॉप के मालिक का भाई फंदे पर झूला

### मांगलियावास बाईपास की घटना

**मांगलियावास ( हुक्मनामा समाचार )।** मांगलियावास बाईपास स्थित एक वर्कशॉप के मालिक का भाई शनिवार सुबह अज्ञात परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर अजमेर जेएलन में पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

थाना प्रभारी रामस्वरूप चौधरी के मुताबिक कस्बे के सिक्स लाइन बाईपास स्थित महिंद्रा वर्कशॉप में शनिवार सुबह करीब 9ः45 बजे वर्कशॉप के मालिक मधुसूदन सिंह का बड़ा भाई 34 वर्षीय डीडवाना में कुचामन के कुड़ी खुनखुना निवासी मनमोहन सिंह पुत्र महावीर सिंह का शव वर्कशॉप के कमरे में पंखे के कुंदे पर फांसी के फंदे पर झूलता मिला। घटना के समय वर्कशॉप में दो मिस्त्री पास ही एक अन्य कमरे में सो रहे थे। सुबह होने पर काफी समय तक मृतक द्वारा कमरा नहीं खोले जाने पर उन्होंने कमरे का गेट खटखटाया। लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं होने पर मांगलियावास पुलिस को सूचित करने पर एएसआई आरिफ खान मौके पर पहुंचे। उन्होंने कमरे का गेट का कुंदा तुड़वाकर मृतक मनमोहन सिंह का शव फंदे से नीचे उतरवाया। मृतक का अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंपा गया। घटना को लेकर वर्कशॉप के मैनेजर जोगराज सिंह ने घटना की प्राथमिक की दर्ज कराई है। मृतक का ब्यावर में आईसर ट्रेक्टर का वर्कशॉप है। घटना के समय उसका छोटा भाई मधुसूदन के गांव जाने पर उसे मांगलियावास स्थित स्वयं के वर्कशॉप का ध्यान रखने के लिए छोड़ कर गया था। मृतक ने किन परिस्थितियों में आकर आत्महत्या की। इसका फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी के आधार पर अनुसंधान आरंभ कर दिया है।

## महिला से रेप की कोशिश

### बच्चों को किडनैप करने की धमकी दी; अश्लील फोटो-वीडियो से ब्लैकमेल किया

**अजमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** अजमेर में महिला से रेप की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता की ओर से आरोपी पर अश्लील हरकतें करने और अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुष्कर थाना पुलिस के अनुसार पीड़िता ने शिकायत देकर बताया कि एक आरोपी ने उसे लगातार परेशान किया जा रहा है। उससे फोन पर अश्लील बातें और हरकतें की जा रही है। बच्चों को किडनैप करने और बदनाम करने के भी धमकी दी गई।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि एक दिन आरोपी घर में आया और उसके साथ फिजिकल रिलेशन बनाने की कोशिश की गई। आरोपी के द्वारा उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए फोटो लिए गए। जिन्हें वायरल करने की धमकी देकर फिजिकल रिलेशन बनाने के लिए दबाव बनाया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी के ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर सुसाइड करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो खाद विक्रेताओं के लाइसेंस सस्पेंड, दो को नोटिस

### निर्धारित से अधिक मात्रा में बेचा यूरिया खाद, कृषि विभाग ने की कार्रवाई

**अजमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** कृषि विभाग की ओर से जिले में खरीफ की बुआई के दौरान निर्धारित से अधिक मात्रा में अनुदानित यूरिया खाद बेचने वाले दो खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस 15 दिन के लिए निलम्बित कर दिए हैं। साथ ही दो को नोटिस दिए गए हैं।

संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार संजय तनेजा ने बताया- शासन सचिव, कृषि एवं उद्यान विभाग राजस्थान सरकार एवं आयुक्त कृषि विभाग राजस्थान की ओर से दिए गए निर्देशों के तहत यूरिया के अधिक उपयोग होने पर कृषकों से पूछताछ और विक्रय केंद्रों पर निरीक्षण किया जा रहा है। जांच के दौरान पाया गया कि मैसर्स न्यू मातेश्वरी खेती बाड़ी केंद्र केकड़ी एवं मैसर्स पुष्पा खेती बाड़ी केंद्र जूनिया की ओर से निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में खाद बेचा गया। इसलिए दोनों के लाइसेंस निलम्बित किए गए। दो अन्य विक्रेताओं श्री बसंत ग्राम सेवा सहकारी समिति बघेरा एवं मैसर्स रजनीश ट्रेडर्स सावर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

गौरतलब है कि यूरिया का उपयोग गैर कृषि कार्य जैसे प्लाईवुड, रेजिन, पेंट ,और डेफ इंडस्ट्री में भी किया जाता है। इंडस्ट्रीज में टेक्निकल ग्रेड यूरिया का उपयोग होता है। जबकि कृषि उपयोग के लिए नीम कोटेड यूरिया अनुदानित दरों पर क्क्रस् मशीन द्वारा आधार सत्यापन से सहकारी एवं निजी विक्रेताओं द्वारा कृषकों को उपलब्ध कराया जाता है । विभाग द्वारा अनुदानित यूरिया का उपयोग गैर कृषि कार्य में नहीं हो, इसके लिए इंडस्ट्रीज का भी समय समय पर अभियान चलाकर निरीक्षण किया जाता है।

## अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार



**नसीराबाद ( हुक्मनामा समाचार )।** अजमेर पीसांगन थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त तस्करी में संलिप्त आरोपी देवीलाल निवासी थाना चेचट जिला कोटा ग्रामीण को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया

पीसांगन थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि 17 दिसंबर 2024 के दर्ज मामले में फरार चल रहे दो आरोपी ओम प्रकाश मेवाराम को गत 5 अगस्त 2025 को गिरफ्तार किया गया था जो कि 11 अगस्त 25 तक पुलिस अभिरक्षा में चल रहे हैं तत्पश्चात 8 अगस्त को अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त सप्लायर देवीलाल को डिटेन करने के बाद पूछताछ कर गिरफ्तार किया गया शनिवार को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय के नेतृत्व में गठित टीम में कांस्टेबल गणेशराम राजेंद्र कुमार प्रकाश शाहरुख इंद्राज प्रधान जोराराम व कांस्टेबल पीसांगन थाना के शामिल थे ।

CMYK

## सम्पादकीय...

### ट्रंप के खिलाफ एकजुट



विश्व की तीन महाशक्तियों चीन, रूस और भारत आपसी विरोधाभास के बाद भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ के खिलाफ एक होते नजर आ रहे हैं इन तीनों देशों के नेता लगातार फोन से संपर्क में है तथा जल्दी ही एक दूसरे के देशों में यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इसी माह 31 तारीख को चीन में होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रजामंद हो गए हैं ट्रंप के टैरिफ के बाद उनके कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है जबकि मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भारत आने का निमंत्रण दिया है। उधर ट्रंप कह रहे हैं कि ट्रेड डील पर बातचीत नहीं होगी पर उन्हें क्या मालूम की यह तीनों देश बातचीत करना भी नहीं चाहते हैं चीन और भारत जिनकी आबादी दुनिया में पहले और दूसरे नंबर पर है इन दोनों देशों का बाजार इतना बड़ा है कि यह आपसी विवाद और तनाव खत्म कर ले तथा व्यापार नियमित होने दें तो दुनिया के किसी देश से इनको माल मांगने और माल भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी जिसको गरज होगी वह हाथ जोड़ कर माल लेगा । अमेरिका भी कई वस्तुओं और उत्पाद के लिए इन दोनों देशों पर आश्रित है, उसके लिए उसे झुकना पड़ेगा। ट्रंप ने चीन पर 25% और भारत पर 50% टैरिफ लगाया है भारत को तो कहा गया है कि वह रूस से तेल खरीद कर उसे आर्थिक मदद कर रहा है जबकि रूसियत सबसे ज्यादा तेल खरीदने वालों में चीन भी शामिल है। इसलिए यह तीनों देश जान चुके हैं कि ट्रंप इनको परेशान करना चाह रहा है इसलिए अब तीनों ही पड़ोसी ट्रंप का दिमाग ठीक करने के लिए बातचीत शुरू कर चुके हैं और जल्दी ही बातचीत का परिणाम सामने आएगा। यदि इन तीनों देश के बीच सकारात्मक बातचीत रही और व्यापार आगे बढ़ा तो निश्चित तौर पर आने वाले समय में इस क्षेत्र में तनाव कम होगा तीनों देशों के रक्षा खर्च में भी कमी आएगी व्यापार बढ़ेगा, दूसरी और ऐसा होने पर ट्रंप को अपने टैरिफ पर फिर विचार करना होगा।

**वैभव लोढ़ा...**

### इतिहास में आज

1914 – प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत, जर्मनी द्वारा रूस।
1995 – हब्बल दूरबीन ने शनि के एक और चन्द्रमा की खोज की।
2006 – जापान ने दुनिया की पहली भूकम्प पूर्व चेतावनी सेवा शुरू की।
2008 – अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ने भारत के विशेष निगरानी समझौते को हरी झंडी दी।

**-धर्म चंद मेहता**

### क्रॉस फायर

- केंद्र सरकार बोली नहीं बढ़ेंगे सिलेंडर के दाम।
- ◆पहले ही इतने बढ़ा दिए की अब बढ़ाने की जरूरत भी नहीं है
- केंद्र ने कहा अमेरिका से हथियार और विमान की खरीद रोकने संबंधी रिपोर्ट गलत, खरीद प्रक्रिया पहले की तरह जारी।
- ◆ऐसा करने की ताकत कहां।
- गृहमंत्री शाह बोले जो भारत में नहीं जन्मा वह वोट भी नहीं डाल सकेगा।
- ◆प्रवासी भारतीय वाली स्कीम कटाई में।
- केंद्र का फैसला उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी मिलनी जारी रहेगी।
- ◆लगता है अब सरकार के दिमाग में गरीबों की मदद का काम आ गया है।
- चुनाव आयोग ने तेजस्वी को वोटर आईडी सरेंडर करने को कहा।
- ◆सीधा-सीधा कैसे कह सकता था कि चुनाव ही मत लड़ना।
- गहलोत बोले बीजेपी सब जगह नहीं, चुनाव में कुछ चुनिंदा जगह गड़बड़ करवाती है।
- ◆सब जगह गड़बड़ी करे तो पोल खुल जाए।
- कन्हैया लाल हत्याकांड पर बनी फिल्म रिलीज।
- ◆चुनाव तक लोग फिर भूल जाएंगे।
- राहुल गांधी बोले मैंने संसद में ली है संविधान की शपथ, चुनाव आयोग भाजपा का एजेंट।
- ◆अब शपथ पत्र देना तो चुनाव आयोग दे।

**.............अंजू लोढ़ा**

### आज का राशिफल

**रविवार 10 अगस्त 2025**

**मेष राशि:** पूर्व नियोजित यात्रा को टालना पड़ सकता है। आज आपको अपने खर्च पर संतुलन बनाना होगा, आय की तुलना में खर्च अधिक हो सकता है, तनाव और उलझन की स्थिति बनी रहेगी।

**वृषभ राशि:** आज किस्मत का साथ मिलेगा। मेहनत के अनुपात में दोगुना लाभ प्राप्त कर सकेंगे। अपना व्यवहार सहयोगात्मक रखें, इससे लोगों से भी सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

**मिथुन राशि:** आज कार्य की व्यस्तता रहेगी, धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी और नई तकनीक की जानकारी के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। कुल मिलाकर आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा।

**कर्क राशि:** भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। सावधानीपूर्वक एवं सोच-विचार करके ही काम करें, लाभ मिलेगा। आज अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें, सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि:** जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकता है, सचेत होकर कार्य करें। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखकर कोई भी निर्णय लें, भावुकता में लिए गए निर्णय से नुकसान होगा।

**कन्या राशि:** आज आपके विरोधी परास्त होंगे। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं उनकी उपस्थिति आपको प्रसन्न रखेगी। कारोबार में लाभ की स्थिति रहेगी।

**तुला राशि:** आपकी योग्यता और कार्यक्षमता की तारीफ होगी। आपके सहकर्मी आपसे सीख लेंगे, परिवार मे रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। आज का दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ फलदायक रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** बीते दिनों की बेचैनी आज शांत हो जाएगी, मन में आंतरिक शांति का अनुभव होगा, अतिरिक्त आय के नए साधन नजर आएंगे। आज आपका आधा दिन परोपकार करने में बीतेगा।

**धनु राशि:** खुशी बरकरार रहे इसके लिए सावधान होकर कोई भी काम करें। किसी से वाद-विवाद में न पड़ें, आज क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

**मकर राशि:** नवीन कार्य के सिलसिले में यात्रा कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पराक्रम एवं आत्मविश्वास में वृद्धि का योग है। घर में पत्नी या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन हो सकती है।

**कुम्भ राशि:** आज ग्रहों की चाल से आपको लाभ का मौका मिल रहा है। दिन की शुरुआत धन लाभ से होगी, बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। आज आप चिंतामुक्त होकर कार्यक्षेत्र में सक्रिय रहेंगे।

**मीन राशि:** लंबे समय से चली आ रही उलझन से छुटकारा मिलेगा। आलस्य छोड़कर कार्य में जुटे रहें, अनावश्यक खर्च से बचें। नौकरी और व्यवसाय में स्थिति आपके अनुकूल रहेगी।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

## धरती की साँसों को राहत देता विकल्प- जैव ईंधन

# जैव ईंधन- ऊर्जा का स्वदेशी और संवेदनशील उत्तर



प्रो. आरके जैन

हर सांस जो हम भरते हैं, हर किरण जो सूरज से झरती है, और हर बूंद जो पृथ्वी को सींचती है — प्रकृति की ये सभी सौगातें हमें अनमोल जीवन देती हैं। लेकिन क्या हम वास्तव में इस जीवनदायिनी प्रकृति के ऋण को समझ पा रहे हैं? आधुनिकता की अंधी दौड़ में हमने जीवाश्म ईंधनों की लत में धरती को इतना प्रदूषित कर दिया है कि अब वह खुद कराहने लगी है। इन्हीं कराहों को सुनकर, हर वर्ष 10 अगस्त को विश्व जैव ईंधन दिवस मनाया जाता है — एक ऐसा दिन जो हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि हम ऊर्जा के स्रोतों को लेकर किस दिशा में जा रहे हैं, और क्या कोई हरित विकल्प हमारे हाथ में है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक आह्वान है — एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ने का, जहां ऊर्जा का स्रोत न केवल टिकाऊ हो, बल्कि धरती के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाए। जैव ईंधन की शुरुआत 1893 में सर रूडॉल्फ डीज़ल ने मूंगफली के तेल से इंजन चलाकर की, जो आज पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाली क्रांति बन चुका है। बायोएथेनॉल और बायोडीज़ल जैसे जैव ईंधन गन्ना, मक्का, शैवाल और कृषि अपशिष्ट से बनते हैं, जो जीवाश्म ईंधनों की तुलना में कम कार्बन उत्सर्जन करते हैं और कार्बन चक्र को संतुलित रखते हैं। विश्व बैंक (2022) के अनुसार, जैव ईंधन से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन 20–60% तक कम हो सकता है, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने का प्रभावी कदम है। भारत, जहां 70% से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, में जैव ईंधन का महत्व अत्यधिक है। संशोधित राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति 2022 के तहत, सरकार ने 2025–26 तक पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखा है। इससे भारत की 80% कच्चे तेल आयात पर निर्भरता कम होगी और किसानों को फसलों व अपशिष्टों से अतिरिक्त आय मिलेगी। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में गन्ने से बायोएथेनॉल उत्पादन ने लाखों किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त किया। 2023 में 4.3 बिलियन लीटर बायोएथेनॉल उत्पादन से 50,000 करोड़ रुपये की तेल आयात बचत हुई, जो ऊर्जा आत्मनिर्भरता और ग्रामीण आर्थिक क्रांति का प्रतीक है। जैव ईंधन का एक और महत्वपूर्ण पहलू है इसका पर्यावरणीय प्रभाव। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वायु प्रदूषण हर साल वैश्विक स्तर पर 70 लाख से अधिक असमय मृत्यु का कारण बनता है। जीवाश्म ईंधनों से चलने वाले वाहनों का धुआं सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसे हानिकारक प्रदूषकों को वायुमंडल में छोड़ता है। इसके विपरीत, बायोडीज़ल और बायोएथेनॉल से चलने वाले वाहन 30–50% कम प्रदूषक उत्सर्जन करते हैं, जिससे शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता में सुधार होता है। दिल्ली जैसे शहर, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अक्सर खतरनाक स्तर को छूता है, जैव ईंधन का उपयोग एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। हालांकि, जैव ईंधन की राह में कई चुनौतियां भी हैं। पहली पीढ़ी के जैव ईंधन, जो खाद्य फसलों जैसे मक्का और गन्ने से बनते हैं, खाद्य सुरक्षा पर दबाव डाल सकते हैं। विश्व खाद्य संगठन (एफएओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 10% जैव ईंधन उत्पादन खाद्य फसलों पर निर्भर है, जिससे खाद्य कीमतों में 5–10% की वृद्धि हो सकती है। इस समस्या से निपटने के लिए दूसरी पीढ़ी (2जी) और तीसरी पीढ़ी (3जी) के जैव ईंधन पर ध्यान देना जरूरी है। 2जी जैव ईंधन कृषि अपशिष्ट, जैसे भूसा और गन्ने की खोई, से बनते हैं, जबकि 3जी जैव ईंधन शैवाल और सूक्ष्मजीवों जैसे गैर-खाद्य स्रोतों से। भारत में, पुणे में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की 2जी बायोएथेनॉल रिफाइनरी एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो प्रतिदिन 100 किलोलीटर बायोएथेनॉल का उत्पादन कर रही है। जैव ईंधन के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शैवाल-आधारित जैव ईंधन, जो तीसरी पीढ़ी का हिस्सा हैं, एक एकड़ में पारंपरिक फसलों की तुलना में 10 गुना अधिक ईंधन उत्पादन कर सकते हैं। इसके अलावा, शैवाल कार्बन डाई-आक्साइड को अवशोषित करते हैं, जिससे वे जलवायु परिवर्तन के खिलाफ दोहरी भूमिका निभाते हैं। अंतरराष्ट्रीय




ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के अनुसार, 2050 तक वैश्विक ऊर्जा मिश्रण में जैव ईंधन की हिस्सेदारी 27% तक बढ़ सकती है, बशर्ते तकनीकी और नीतिगत समर्थन मिले। जैव ईंधन को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक और शैक्षिक जागरूकता को और प्रभावी ढंग से बढ़ाने की आवश्यकता है। भारत में ग्रामीण समुदायों को जट्रोफा की खेती या बायोगैस संयंत्रों की स्थापना जैसे जैव ईंधन उत्पादन से जोड़ना न केवल उनकी आय को बढ़ाएगा, बल्कि ऊर्जा साक्षरता को भी गति देगा। स्कूलों और विश्वविद्यालयों में जैव ऊर्जा पर केंद्रित पाठ्यक्रम शुरू करने से युवा वैज्ञानिकों को इस क्षेत्र में अनुसंधान के लिए प्रेरित किया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली और खड़गपुर में स्थापित जैव ऊर्जा शोध केंद्र नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, जो इस दिशा में एक मज़बूत कदम है। वैश्विक स्तर पर भी जैव ईंधन का महत्व बढ़ रहा है। ब्राजील, जो बायोएथेनॉल उत्पादन में विश्व नेता है, ने 2023 में 35 बिलियन लीटर बायोएथेनॉल का उत्पादन किया, जो इसके कुल ईंधन खपत का 30% है। अमेरिका और यूरोपीय संघ भी बायोडीज़ल और बायोएथेनॉल के उपयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत इन देशों से प्रेरणा ले सकता है, लेकिन इसके लिए नीतिगत स्थिरता, निवेश, और बुनियादी ढांचे के विकास की जरूरत है। विश्व जैव ईंधन दिवस हमें यह याद दिलाता है कि ऊर्जा का भविष्य केवल तकनीक में नहीं, बल्कि हमारी सोच और व्यवहार में बदलाव में निहित है। यह एक अवसर है कि हम अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे कदम उठाएं — जैसे बायोडीज़ल से चलने वाली गाड़ियों को प्राथमिकता देना, बायोगैस संयंत्रों को अपनाना, या अपशिष्ट प्रबंधन में योगदान देना। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं। जैव ईंधन केवल एक ईंधन नहीं, बल्कि एक दर्शन है — एक ऐसी दुनिया का दर्शन, जहां मानव और प्रकृति एक-दूसरे के साथ सामंजस्य में रहें। यह हमें उस जिम्मेदारी की याद दिलाता है कि हमारी हर पसंद, चाहे वह ऊर्जा का चयन हो या जीवनशैली, धरती के भविष्य को प्रभावित करती है। 10 अगस्त का यह दिन हमें प्रेरित करता है। कि हम न केवल उपभोक्ता बनें, बल्कि प्रकृति के संरक्षक भी बनें। यह एक नई शुरुआत का आह्वान है — एक ऐसी शुरुआत, जो हरित, स्वच्छ, और टिकाऊ भविष्य की नींव रखे।

# त्योहारी सीज़न में तेज होता डेंगू का डंक



बाल मुकुन्द ओझा

बारिश का मौसम अपने साथ कई प्रकार की बीमारियां लेकर आता है। इस मौसम में सबसे ज्यादा मच्छर और कीड़े पनपते हैं। बारिश में डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी हो जाती है। यही कारण है कि प्रतिवर्ष 10 अगस्त को डेंगू निरोधक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस लोगों में डेंगू के प्रति जागरुकता फैलाने तथा इसके प्रति सचेत रहने के लिए मनाया जाता है। इसी कारण प्रतिवर्ष मानसून के बाद देशभर में डेंगू के कई हजार मामले सामने आते हैं। डेंगू प्राय: दो से पांच दिनों के भीतर गंभीर रूप धारण कर लेता है। गर्मियों की शुरुआत के साथ रही घरों में और आसपास मच्छरों की संख्या बढ़ने लगती है। ये मच्छर कई रोग की वजह बन सकते हैं। मच्छरों से डेंगू-मलेरिया फैलता है। खासकर बारिश में डेंगू का खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि डेंगू के मच्छर पानी में पनपते हैं। डेंगू एक ऐसी बीमारी है, जिसका इलाज शुरू से नहीं हुआ तो यह जानलेवा हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हाल के दशकों में दुनिया भर में डेंगू के मामलों में अप्रत्यासित रूप से वृद्धि हुई है। दुनिया की लगभग आधी आबादी अब डेंगू के खतरे में है और हर साल अनुमानित 100-400 मिलियन संक्रमण होते हैं। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है देश में पिछले वर्ष लगभग एक लाख डेंगू के केस दर्ज़ किये गए। जो मच्छरों को नए वातावरण में बेहतर ढंग से अनुकूलित करने और संक्रमण के जोखिम को भौगोलिक रूप से आगे फैलाने की अनुमति देते हैं। हाल के वर्षों में डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। डेंगू के मामलों में वृद्धि तेजी से शहरीकरण, जनसंख्या वृद्धि, वैश्वीकरण, जलवायु परिवर्तन, सामाजिक-आर्थिक विकास और जीवन शैली में बदलाव के कारण एडीज वेक्टर की शुरुआत के कारण देखी गई है। मौसम परिवर्तन और बीमारियों का चोली दामन का साथ है। तापमान में भी घटत बढ़त होता है। इस वर्ष मौसम के अजब गजब नज़ारे देखने को मिल रहे है। कभी गर्मी कभी आंधी और बारिश तो कभी ठण्ड ने मौसम का मिज़ाज़ बिगाड़ रखा है। इस वर्ष मार्च और अप्रैल में भीषण गर्मी देखने को मिली। मई माह के पहले पखवाड़े में तापमान 45 डिग्री को पार कर गया।

इसी के साथ डेंगू जैसी बीमारियां फैलते देर नहीं लगी। यह सर्व विदित है डेंगू मच्छर के कारण फैलता है और मच्छर गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, तो आवश्यक है कि अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर किसी को तीन से चार दिन तक उल्टी, तेज बुखार और चक्कर आ रहे हैं तो इसे नजरंदाज न करें। तुरंत ब्लड सैंपल की जांच कराएं। जांच में डेंगू की पुष्टि हुई है तो इलाज कराएं। इस मामले में बिलकुल भी लापरवाही न बरतें। डेंगू फीवर जिसे 'हड्डी तोड़ बुखार भी कहां जाता हैं, भारत में तेजी से अपने पैर पसार रहा है। हर साल इस खतरनाक बीमारी के अनियंत्रित हो जाने का मुख्य कारण यह हैं कि इसकी वैक्सीन अभी तक उपलब्ध नहीं हैं। डेंगू की भयावहता का अंदाजा इसी पहलू से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार न मिलने के कारण रोगी की मौत भी हो जाती है। विशेषकर जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है वे मौसमी बीमारियों का शिकार हो जाते है। देशभर से मिलने वाली खबरों के मुताबिक मौसम परिवर्तन के साथ ही मौसमी बीमारियां और वायरल बुखार का प्रकोप पैर पसारने लगा है, जिसके चलते चिकित्सालय में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। मौसम परिवर्तन के साथ ही सर्दी, खांसी- जुकाम, चिकनगुनिया, स्वाइन फ्लू, स्क्रब डेंगू, वायरल बुखार, उल्टी- दस्त के रोगियों की संख्या बढ़ी है। मच्छरों का प्रकोप भी बीमारियां बढ़ाने में सहायक हो रहा है। डॉक्टरों के अनुसार तापमान में उतार-चढ़ाव के चलते मौसमी बीमारियां बढ़ी हैं। इस मौसम में जोड़ों में दर्द, बदन दर्द, सिरदर्द, खांसी, जुकाम एवं बुखार होता है। बदलते मौसम में खान पान में सतर्कता रखनी जरूरी है।

# रक्षाबंधन- क्या वास्तव में निभा रहे हैं भाई-बहन प्रेम और रक्षा का वादा?

**डॉ सत्यवान सौरभ**

रक्षाबंधन केवल राखी बांधने और गिफ्ट देने का त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और परस्पर सहयोग का प्रतीक है। आज यह पर्व सोशल मीडिया दिखावे और औपचारिकताओं में सिमटता जा रहा है। भाई-बहन सालभर दूर रहते हैं, पर एक दिन फोटो खिंचाकर 'रिश्ता निभाने' का प्रमाण दे देते हैं। असली रक्षा तब है जब मुश्किल वक्त में दोनों एक-दूसरे का सहारा बनें, चाहे वह भावनात्मक हो या आर्थिक। त्योहार का अर्थ लाइक्स नहीं, बल्कि लाइफ में प्रेज़ेंस है। राखी का धागा केवल कलाई पर नहीं, दिल में भी बांधना जरूरी है। **डॉ. सत्यवान सौरभ** त्योहार भारत की सांस्कृतिक आत्मा का आईना हैं। वे केवल कैलेंडर में दर्ज तारीखें नहीं होते, बल्कि पीढ़ियों से जुड़ी भावनाओं, रिश्तों और सामाजिक बंधनों का जीवंत प्रतीक होते हैं। रक्षाबंधन भी ऐसा ही एक पर्व है, जो भाई-बहन के रिश्ते को स्नेह, सुरक्षा और विश्वास की डोर में बांधने का प्रतीक है। लेकिन सवाल यह है कि क्या हम आज वास्तव में इस पर्व के मूल भाव को निभा रहे हैं, या यह भी अन्य त्योहारों की तरह दिखावे और औपचारिकता के चकाचौंध में खो गया है? **परंपरा से वर्तमान तक की यात्रा** कभी रक्षाबंधन एक ऐसा अवसर था जब बहनें भाई के माथे पर तिलक लगाकर, राखी बांधकर उनसे जीवनभर सुरक्षा और सहयोग का वादा लेती थीं। यह सुरक्षा केवल शारीरिक खतरों से बचाने की नहीं, बल्कि जीवन की हर कठिनाई में साथ खड़े होने का आश्वासन था। भाई भी पूरे गर्व के साथ इस वादे को निभाते थे। यह रिश्ता घर के आंगन में पनपता, पत्रों में झलकता और जीवनभर निभता था। मगर आज, राखी बांधना एक 'फोटोजेनिक' इवेंट बन गया है। सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालना, महंगे गिफ्ट देना, ऑनलाइन राखी मंगवाना — यह सब असली भावना को छूने के बजाय उसे सतही बना रहा है। भाई-बहन के बीच संवाद घट रहा है, और 'रक्षा' शब्द का दायरा भी सिमटता जा रहा है। **रक्षा का बदलता अर्थ** पुराने समय में बहनें केवल भाई पर निर्भर नहीं रहती थीं, लेकिन उन्हें पता था कि मुसीबत में भाई उनकी ढाल बनेगा। आज के समय में भाई-बहन दोनों ही अपनी-अपनी व्यस्त जिंदगी में इतने उलझ गए हैं कि अक्सर एक-दूसरे की समस्याओं से बेखबर रहते हैं। रक्षा का मतलब अब 'फिजिकल प्रोटेक्शन' से ज्यादा 'फाइनेंशियल हेल्प' या 'इमरजेंसी सपोर्ट' तक सीमित हो गया है। लेकिन यहां भी एक विडंबना है — जब बहन आर्थिक रूप से सक्षम होती है, तो अक्सर वह भाई की मदद करती है, पर यह भावना रक्षाबंधन के विमर्श में उतनी जगह नहीं पाती। हमारी संस्कृति में अभी भी रक्षा का जिम्मा एकतरफा तरीके से भाई पर डाल दिया जाता है, जबकि आधुनिक रिश्तों में सुरक्षा और सहयोग दोनों तरफ से होना चाहिए।

**दिखावे का दौर** सोशल मीडिया के दौर में त्योहार अब निजी अनुभव से ज्यादा सार्वजनिक प्रदर्शन बन गए हैं। राखी की तस्वीर, गिफ्ट का वीडियो, स्टेटस अपडेट — ये सब रिश्ते की असली आत्मा को दबा देते हैं। कई बार भाई-बहन सालभर बात नहीं करते, लेकिन राखी के दिन फोटो खिंचवा कर ऑनलाइन डाल देते हैं ताकि समाज को 'परफेक्ट रिलेशन' का प्रमाण मिल जाए। यह दिखावा उस सच्चाई को ढक देता है कि कई बहनें घरेलू हिंसा, मानसिक उत्पीड़न या आर्थिक शोषण का शिकार होती हैं और भाई जानते हुए भी चुप रहते हैं। वहीं, कई भाई जीवन की कठिनाइयों में बहनों से भावनात्मक सहयोग चाहते हैं, लेकिन उन्हें भी केवल 'त्योहार वाले रिश्ते' का जवाब मिलता है। **संवेदनाओं की कमी** रक्षाबंधन का मूल भाव यह था कि भाई-बहन एक-दूसरे की कमजोरी नहीं, बल्कि ताकत बनें। लेकिन आज संवेदनाओं का सूखा पड़ता जा रहा है। रिश्ते भले खून के हों, पर उनमें औपचारिकता और दूरी बढ़ रही है। शहरों में नौकरी, बिज़नेस, और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के बीच पारिवारिक जुड़ाव कमजोर हो रहा है। यह स्थिति केवल रक्षाबंधन के लिए नहीं, बल्कि सभी पारिवारिक रिश्तों के लिए चिंता का विषय है। अगर भाई-बहन का रिश्ता भी केवल एक दिन के उत्सव तक सीमित रह गया, तो आने वाले समय में यह त्योहार भी केवल 'फूल, मिठाई और फोटो' का त्योहार बनकर रह जाएगा। **समानता का दृष्टिकोण** आज के समय में रक्षा का अर्थ केवल पुरुष की जिम्मेदारी नहीं हो सकता। बहनों को भी भाइयों के जीवन में समान भूमिका निभानी चाहिए — चाहे वह भावनात्मक समर्थन हो, सलाह हो या मुश्किल समय में कंधा देने की बात। भाई-बहन का रिश्ता तभी सार्थक है जब उसमें बराबरी और परस्पर सहयोग हो। अगर किसी भाई पर बहन की शादी, पढ़ाई या करियर का बोझ आता है, तो बहन पर भी भाई की जरूरतों को समझने और मदद करने की जिम्मेदारी आती है। यही संतुलन इस रिश्ते को आधुनिक समय में भी प्रासंगिक बनाए रख सकता है। **समाधान की दिशा** हमें यह समझना होगा कि त्योहार का असली मूल्य उसकी रस्मों में नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपी भावनाओं में है। भाई-बहन दोनों को अपने रिश्ते की नींव में विश्वास और सहयोग रखना चाहिए, न कि केवल गिफ्ट और फोटो के सहारे इसे निभाना चाहिए। सालभर एक-दूसरे से बात करना, छोटी-छोटी खुशियां और परेशानियां साझा करना ही रिश्ते को जिंदा रखता है। एक फोन कॉल, एक मुलाकात, या मुश्किल वक्त में साथ खड़े होने का भाव, राखी के धागे से कहीं ज्यादा मजबूत डोर बनाता है। सोशल मीडिया पर दिखाने के बजाय असल में निभाना ज्यादा जरूरी है। राखी का मतलब 'लाइक्स' नहीं, बल्कि लाइफ में प्रेज़ेंस है। भाई-बहन दोनों को एक-दूसरे की सुरक्षा, सम्मान और जरूरत का ख्याल रखना चाहिए। एकतरफा जिम्मेदारी की सोच बदलनी होगी। राखी की रस्म निभाते हुए भी रिश्ते में आधुनिक मूल्यों — जैसे समानता, स्वतंत्रता और व्यक्तिगत सम्मान — को जगह देना जरूरी है। **रक्षाबंधन का असली वादा** रक्षाबंधन केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि रिश्तों की असली परीक्षा है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे जीवन में ऐसे लोग हैं जिनसे हम बिना किसी स्वार्थ के जुड़े हैं। लेकिन अगर यह जुड़ाव केवल कैलेंडर की तारीख पर ही जीवित होता है, तो इसका असली महत्व खत्म हो जाएगा। आज जरूरत है कि हम राखी के धागे को केवल कलाई पर नहीं, बल्कि दिल में भी बांधें — ऐसा बंधन, जो साल के 365 दिन स्नेह, सम्मान और सुरक्षा के वादे को निभाए।

# मुनि अनुपम सागर एवं मुनि निर्मोह सागर के सानिध्य में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन महोत्सव

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के तत्वावधान में शास्त्रीनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में वर्ष 2025 का चातुर्मास कर रहे पट्टाचार्य आचार्य विशुद्धसागर महाराज के शिष्य मुनि अनुपम सागर एवं मुनि निर्मोह सागर के सानिध्य में शनिवार को रक्षाबंधन महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रवचन में मुनि अनुपम सागर महाराज ने कहा कि रक्षाबंधन प्रेम, वात्सल्य,भाईचारा, पारस्परिक सुरक्षा का प्रतीक है। जैन शासन के मतानुसार रक्षाबंधन का महत्व कुछ अलग है ओर यह एक मुनि द्वारा 700 मुनियों की रक्षा करने पर आधारित है। उन्होंने करीब ढाई घंटे में इस पूरे प्रसंग का पूरा वाचन किया ओर बताया कि इससे प्रेरित होकर उपस्थित श्रावकों ने भी मुनियों को आहार



देकर वात्सल्य ओर सद्भावना प्रेम समता की प्रेरणा प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यह पावन त्यौहार बहन की रक्षा के बंधन के साथ गुरू ओर शिष्य के सम्बन्ध को प्रगाढ़ बनाने का प्रतीक है। यह त्यौहार अहिंसा, करूणा, समता ओर पारस्परिक रक्षा करने की भावना को बढ़ावा देता है। प्रवचन में मुनि निर्मोहसागर महाराज ने कहा कि परिवार में समाज में, धार्मिक क्षेत्र में ओर वात्सल्य एवं पारस्परिक प्रेम शांति ओर मर्यादा की रक्षा करने की प्रेरणा प्रदान की। श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश पाटनी ने बताया कि धर्मसभा के प्रारंभ में महावीर सेवा समिति तथा सभी मंदिरों के अध्यक्ष व मंत्री तथा महाराजश्री के गृहस्थ अवस्था के सम्बन्धियों ने दीप प्रज्वलन किया। पाद प्रक्षालन का सौभाग्य कमलादेवी, हिम्मतलाल, गोपालजी, चन्द्रप्रकाश बड़जात्या तथा अभिषेक जैन सेवरा को मिला। शास्त्र भेंट रविचन्द जैन, दमोह एवं कंचनबाई जैन कुचामन वाले को मिला। समिति के मीडिया प्रभारी भागचंद पाटनी ने बताया कि महाराजश्री के पीछी के स्वर्ण राखी बांधने का सौभाग्य राकेश मोनिका पहाड़िया एवं वृद्धिचंद माणकचंद पारस वर्धमान बड़जात्या को मिला। मंगलाचरण की प्रस्तुत कवियत्री शालू जैन द्वारा दी गई। धर्मसभा में 700 मुनियों के रक्षार्थ के निमित से श्रावकों ने 700 श्रीफल अर्पित किए। भगवान श्रेयांशनाथ के मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य राकेश हिमांशु पाटनी को मिला। पर्युषण पर्व के लिए आयोजित जैनत्व साधना शिविर के पोस्टर का विमोचन महावीर सेवा समिति एवं सभी मंदिरों के अध्यक्ष मंत्री एवं गणमान्य अतिथियों ने किया। कार्यक्रम के समापन पर मुनिराज ने आहार ग्रहण किया। खीर वितरण कर त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। धर्मसभा का संचालन पदमचंद काला ने किया। आयोजन को सफल बनाने में महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति एवं इनके सहयोगी संगठन तथा महिला मण्डल का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

# ढाबेश्वर महादेव व्यायाम शाला द्वारा 11 अगस्त को भव्य अखाड़ा प्रदर्शन



**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** नगर के प्राचीन ढाबेश्वर महादेव मंदिर से, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ढाबेश्वर महादेव व्यायाम शाला द्वारा भव्य अखाड़ा प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सोमवार, 11 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें सैकड़ों पहलवान नगर की सड़कों पर अपने अद्भुत दमखम और पारंपरिक मल्लकला का प्रदर्शन करेंगे। पिछले कई दिनों से व्यायामशाला में पहलवान दिन-रात अभ्यास में जुटे हुए हैं। रस्सी, गदा, भाला, वेटलिफ्टिंग और मल्लयुद्ध जैसे पारंपरिक व्यायाम और युद्धकला के अद्भुत प्रदर्शन की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। अखाड़े के उस्तादों का कहना है कि यह व्यायाम शाला दशकों से भारतीय परंपरा और मल्लयुद्ध की संस्कृति को जीवित रखे हुए है और नई पीढ़ी में गौरव और अनुशासन की भावना भर रही है। विशेष आकर्षण के रूप में, रात्रि में हनुमान मंदिर, सब्जी मंडी में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता और मुद्दड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें नगर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के पहलवान अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन के दिन जब सैकड़ों पहलवान अपने उस्तादों और युवा तरुणाई के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे, तो सड़कों पर उत्साह और जोश का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। ड्रम, नगाड़ों और जयकारों की गूंज के बीच पारंपरिक अखाड़े की कला हर दर्शक को मंत्रमुग्ध कर देगी। स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी भारी संख्या में लोग इस आयोजन को देखने आएंगे। व्यायाम शाला समिति ने सभी नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे इस गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनें और अपने परिवार सहित इस ऐतिहासिक अखाड़ा प्रदर्शन का आनंद लें।

# एक नजर

## श्रावण मास में भगवान शिव का जलाभिषेक



**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** तहसील के रामदेव मंदिर में स्थित शिव मंदिर में शिव भक्तों ने जलाभिषेक और दुध, दही, चनामत से अभिषेक किया और शिव पार्वती की पूजा की। अर्चना के दौरान भक्तों ने भगवान शिव का आशीर्वाद लिया और परिवार सहित देश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर दीपक बेताला, स्तवना बेताला, सुरेश भाटी, मुन्नालाल कामड़, किशन बागड़ी, गौरी शंकर जांगिड़ सहित अन्यों भक्तों ने की पूजा अर्चना।

## रक्षा का सुत्र मुस्लिम भाईयौ ने हिन्दू बहनों से रक्षा सुत्र बंधवाकर एकता की मिशाल दी

**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे सहित आज शनिवार को रक्षाबंधन का त्यौंहार धुमधाम से मनाया।



बहनो ने अपने भाईयों के रक्षा सुत्र बांधकर भाई की लम्बी उम्र की कामना की व भाई ने बहन की रक्षा करने का वचन दिया। लेकिन हमारे राजस्थान में हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल पैस की। मौलासर ब्लांक के एसीबीईओ शब्बीर खान ने अपनी मुंह बोली धर्म बहन मुली देवी ने धर्म भाई शब्बीर खान के रक्षा सुत्र बाधा व मिठाई दी। एसिबीईओ खान ने कहा कि यह तो बहन भाई का त्यौंहार है। जो लोग जाती धर्म के नाम पर समाज में आपसी मनमुटाव कर देते हैं, गांव में रहने वाले सभी समाज धर्म के सब एक ही है समाज में एकता की मिशाल पैश की।

# चीला सरोवर पर हुआ श्रावणी उपाक्रम सनातनियों ने लिया भाग, वैदिक मंत्रोचारण के साथ ऋषि-मुन्नियों का तरपण

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** डीडवाना नगर मे सावन की पूर्णिमा पर श्रावणी उपाक्रम शनिवार को प्राचीन चीला सरोवर पर विद्वजनों द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ ऋषि-मुन्नियों को तरपण देने के साथ ही मनाया गया। सनातन धर्म सभा के मंत्री पुरूषोत्तम व्यास ने बताया कि सावन पूर्णिमा के दिन पितरों ऋषि मुनियो के तर्पण के लिए विशेष दिन विशेष अवसर पर्व का दिन बताया गया है। इस दिन शास्त्रों में पुराणों में वर्णित है। देवता मनुष्य सभी धरा बनाकर अपना पूजन करवाते हैं। इस दिन तर्पण अवश्य करना चाहिए।इस दिन विभिन्न प्रकार की वस्तुओं से व्यक्ति स्नान करता है। श्रावणी कर्म जो यह दो तत्वों से मिलकर बना हुआ है।एक तो उपा क्रम जो पितरों का तर्पण किया जाता है। उसके बाद में श्लोक का जो पूजन किया जाता है। दोनों का संयुक्त



नाम जो श्रावणी उपाक्रम कहा जाता है। जो भी जनेऊ धारी है उन सब को ये क्रम अवश्य करना चाहिए।

इससे पितरों को अक्षय तृती होती है। एव पुण्य लाभ की प्राप्त होती है।वर्षोकाल से आयोजित यह श्रावणी उपाक्रम जिसमें यज्ञोपवीतधारी द्विज आदि ने अपनी जनेऊ बदली। इस दौरान सभी भक्तजनों द्वारा ऋषि-मुन्नियों अपने पूर्वजों को श्रद्धाजंली दी। व्यास ने जनेऊ के वैज्ञानिक महत्व को बताते हुए कहा कि यह जीवन की वैज्ञानिक प्रक्रिया है और महत्वपूर्ण भी है। श्रावणी उपाक्रम प्रत्येक जनेऊ धारक को करना चाहिए। विशेष संयोग भी है। यज्ञोपवित जनेऊ आत्मसंयम का संस्कार है।जिनका यज्ञोपवित संस्कार हो चुका है।वह पुराना यज्ञोपवित उतारकर नवीन धारण करता है। पुराने की पूजा भी करता है। इस संस्कार से शास्त्रीय मतो के अनुसार व्यक्ति का दूसरा जन्म भी माना जाता है। विज्ञान भी जनेऊ का महत्वपूर्ण मानती है।

# रक्षाबंधन पर यज्ञोपवीत संस्कार व हैदराबाद सत्याग्रह बलिदानियों का स्मरण

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** आर्य समाज प्रधान रवींद्र साहू ने बताया कि रक्षाबंधन पर आर्य समाज निंबाहेड़ा द्वारा शांति नगर महेश नगर कंचन नगर इंदिरा नगर आदि में प्रभात फेरी निकाली गई। यज्ञ कराने वाले आचार्य मोहनलाल आर्य पुष्प ने उपस्थित याज्ञिकों को संबोधित करते हुए बताया कि जनमानस में एक धारणा व्याप्त है कि स्त्री और तथाकथित शूद्र जिन्हें छोटी जाती का समझा जाता है उन्हें जनेऊ पहनने, हवन करने और वेद पड़ने का अधिकार नहीं है, इस धारणा को तोड़ते हुए आर्य समाज मंदिर में बालचंद मेघवाल, शिवलाल मेघवाल, जवारीमल मीणा, दशरथ पाटीदार महिला प्रधान शिखा शारदा, लक्षिता माहेश्वरी, ग्रेसी कुंवर सहित उपस्थित प्रत्येक वर्ण के व्यक्ति ने जनेऊ धारण करके हवन में आहुतिया प्रदान की। आर्य वीर दल संयोजक विशाल साबू ने बताया कि रक्षा बंधन पर हैदराबाद भारत विलय में आर्य समाज के सत्याग्रह में बलिदान हुए बलिदानियों को भी स्मरण किया जाता है आंदोलन से प्रभावित होकर के सरदार पटेल ने कहा था कि आर्य समाज ने यदि पहले से भूमिका तैयार नहीं की होती तो तीन दिन में सेना का एक्शन और विलय संभव नहीं हो पाता। हैदराबाद सत्याग्रह 1938-39 एक महत्वपूर्ण आंदोलन था जिसमें आर्य समाज ने निज़ाम के शासन के विरुद्ध धार्मिक स्वतंत्रता और अधिकारों के लिए संघर्ष किया इस आंदोलन ने हैदराबाद के भारत विलय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और निज़ाम



के नियंत्रण को कमज़ोर करने में मदद की। आर्य समाज के सन्यासियों, गुरुकुल के ब्रह्मचारी एवं हजारो कार्यकर्ताओं ने इस आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिनमें फ़ील्ड मार्शल स्वामी स्वतंत्रतानंद, महात्मा नारायण स्वामी, चंद किरण शारदा, और खुशहाल चंद जैसे प्रमुख व्यक्ति शामिल थे। उन्होंने धार्मिक प्रतिबंधों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, गिरफ्तारी दी, और निज़ाम प्रशासन को उनके प्रतिरोध को स्वीकार करने के लिए मजबूर किया। इस आंदोलन के परिणाम स्वरूप, निज़ाम को आर्य समाज पर लगाए गए प्रतिबंध हटाने पड़े और वैदिक अनुष्ठानों, यज्ञों, और 'ओ3म' के प्रदर्शन पर लगे प्रतिबंध को हटाना पड़ा। यह जीत हैदराबाद के मुक्ति संग्राम में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई और 1948 में हैदराबाद के भारत में विलय का मार्ग प्रशस्त किया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षा बंधन का पावन त्यौहार



**सीसवाली (हुक्मनामा समाचार)।** सीसवाली सहित क्षेत्र मे हर्षोल्लास के साथ रक्षा बंधन का पावन त्यौहार मनाया! रक्षा बंधन पर बहिनों ने अपने भाईयों के ललाट पर रोली कूमकूम चंदन अक्षत लगाकर हाथ की कलाई पर रक्षा सूत्र बाधकर सुरक्षा एव लम्बी उम्र की कामना की एव मुंह मिटा करवाया! भाईयों ने बहनों को मन चाहे उपहार भैंटकर आर्शीवाद दिया एव आर्शीवाद लिया!

# धरियावद नगर में रक्षा बंधन एवं विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया



**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** नगर में रक्षा बंधन और विश्व आदिवासी दिवस का पर्व एक साथ मनाया गया। राखी पर्व को लेकर बीते 3-4 दिनों से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में खरीदारी की रौनक बनी रही। राखी के दिन सुबह से ही बाजार में मिठाई, नारियल व राखियों की खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ी। बाहर मेहनत-मजदूरी करने गए लोग और दूर-दराज से आई बहनें भाइयों को राखी बांधकर त्योहार मनाया। वहीं, हर वर्ष की तरह इस बार भी विश्व आदिवासी दिवस पर पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और नगर में पैदल रैली निकाली। कार्यक्रम के समापन पर विधायक थावर चन्द डामोर सहित अन्य वक्ताओं ने युवाओं को आदिवासी संस्कृति और इतिहास की जानकारी दी। दोनों पर्व एक साथ होने के कारण बाजार में दिनभर चहल-पहल रही। सुरक्षा को लेकर पुलिस उप अधीक्षक नाना लाल सालवी के नेतृत्व में धरियावद थाना अधिकारी कमल चंद मीणा व जाप्ता सुबह से ही विभिन्न स्थानों पर तैनात रहा, जिससे कानून-व्यवस्था सुचारू बनी रही।

# स्कूली बच्चों ने शहीद की प्रतिमा पर राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** डीडवाना जिले में रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े ही हर उल्लास के साथ में मनाया गया है। भाई बहन के अटूट प्रेम विश्वास के प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया है।जहां बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनसे अपनी रक्षा का वचन लिया है। विधि विधान से रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया है।जहां बहनों के द्वारा अपने भाइयों की हाथ की कलाई में रक्षा सूत्र बांधते हुए तिलक लगाकर श्रीफल दिया है। श्रीफल देकर उनसे अपनी सुरक्षा का अपने हर सुख दुख में साथ देने का वचन लिया है। साथ ही भारत मां देश धर्म संस्कृति की सुरक्षा का वचन लिया है।इसी तरह नजदीकी ग्राम मामडोदा में शहीद हेमराज शर्मा की प्रतिमा पर टैगोर चिल्ड्रन



एकेडमी के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा शहीद की प्रतिमा पर तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा है। और रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया है। बड़े ही धूमधाम के साथ में रक्षाबंधन का त्योहार पूरे जिले में मनाया गया है।

# ग्राम दौलतपुरा में ई-मित्र की दुकानों के ताले तोड़कर चोरी करने के प्रकरण का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** डीडवाना थाना पुलिस के द्वारा दौलतपुरा में ईमित्र पर हुई चोरी के प्रकरण में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।पुलिस थाना डीडवाना मय टीम ने ग्राम दौलतपुरा में ई-मित्र की दुकानों के ताले तोड़कर नकदी अन्य सामान चोरी करने के प्रकरण में मुख्य आरोपी दिपु पारली उर्फ चुच्या को गिरफ्तार किया।थाना अधिकारी राजेंद्रसिंह कमांडो ने बताया 23 जुलाई मध्य रात्रि को थाना डीडवाना हल्का क्षेत्र के ग्राम दौलतपुरा में ई-मित्र की दुकानों के ताले तोड़कर ?1,46,000 नकद एवं अन्य सामान चोरी करने की वारदात हुई। इस संबंध में थाना डीडवाना में प्रकरण दर्ज कर घटना की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया।टीम ने घटना का गहन अनुसंधान करते हुए ग्राम दौलतपुरा से नरेना (जयपुर) तक के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया। गोपनीय आसूचना व साईबर सैल डीडवाना के तकनीकी सहयोग के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि चोरी की घटना दिपु पारली तर्फ चुच्या गैंग द्वारा की गई है। इसके बाद टीम ने जयपुर, फुलेरा और नरेना में दबिश देकर, गैंग के सरगना एवं घटना के मुख्य आरोपी दिपु पारली उर्फ चुच्या को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार आरोपी चोरी नकबजनी, लूट एवं संगठित अपराधों का कुख्यात सरगना है। और राज्य के कई जिलों में वांछित है।



# प्रेम विवाह से आहत पिता ने जीवित बेटी को 'मृत' मानकर छपवाई शोक पत्रिका,



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** आसींद थाना क्षेत्र के सरेरी गांव में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पिता ने अपनी जीवित बेटी को मृत मानते हुए शोक पत्रिका छपवा दी और गांव में 12 दिन की बैठक का आयोजन शुरू कर दिया। यह फैसला पिता ने उस समय लिया, जब उनकी 26 वर्षीय पुत्री शादी के महज़ तीन महीने बाद घर छोड़कर प्रेमी संग फरार हो गई और प्रेम विवाह कर लिया। सूत्रों के मुताबिक सरेरी निवासी भैरूलाल जोशी ने बेटी पूजा की शादी इसी वर्ष गांव के भंवरलाल तिवारी के बेटे संजय तिवारी से बड़े धूमधाम से हुई। शादी में अपनी हैसियत के मुताबिक रुपये खर्च किये थे। शादी के कुछ समय बाद ही पूजा का गांव के एक युवक सूरज तिवारी से प्रेम संबंध बन गया, जो संजय तिवारी का रिश्तेदार है। दोनों ने घर से भागकर प्रेम विवाह रचा लिया परिजनो का आरोप है कि पूजा जाते समय सोने-चांदी के आभूषण और 70,000 नकद भी अपने साथ ले गई। इस संबंध में आसींद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। भैरूलाल के परिवार में तीन संतानें हैं-दो बेटे और एक बेटी। पूजा एकमात्र पुत्री थी। छोटे बेटे गोविंद (8) और सचिन (17) की पढ़ाई के लिए पिता मजदूरी कर परिवार चलाते हैं।

बेटी के इस कदम से आहत पिता ने समाज को संदेश देने के लिए शोक पत्रिका जारी की और गांव में 12 दिन की बैठक रखी है, जिसमें आस-पास के ग्रामीण भी इस बैठक मे सम्मिलित हो रहे हैं।


# तिरंगा यात्रा 'जिला कार्यशाला' भाजपा जिला कार्यालय में आज



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा जिला संगठन भीलवाड़ा द्वारा हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा कार्यक्रम 11 से 14 अगस्त तक देशभक्ति के रूप में मनाया जाएगा भीलवाड़ा शहर में 13 अगस्त को साय 4 बजे राजेंद्र मार्ग स्कूल से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी इसी अभियान कि तैयारी को लेकर तिरंगा यात्रा जिला कार्यशाला 10 अगस्त को भाजपा जिला कार्यालय पर प्रातः 11बजे आयोजित की जाएगी भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कार्यशाला में भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं तिरँगा यात्रा जिला प्रभारी प्रसन्न महता के मुख्य आतिथ्य, सांसद भाजपा प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल के सानिध्य, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित होगी भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भीलवाड़ा जिले के 39 मंडलों में 11 से 14 अगस्त तक घर-घर जाकर तिरंगा झंडा लगाया जाएगा एवं तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी कार्यशाला बैठक में पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला प्रमुख पूर्व जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख, महापौर सभापति चेयरमेन वाइस चैयरमेन, प्रधान उप प्रधान नेता प्रतिपक्ष, जिला पदाधिकारी, तिरँगा यात्रा- जिला संयोजक सह संयोजक विधानसभा संयोजक, सह संयोजक मण्डल संयोजक सह संयोजक, विधानसभा संयोजक, मोर्चा जिलाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

# राष्ट्र, धर्म, संस्कृति की रक्षा का संकल्प ही रक्षा बंधन है -जैन संत उपाध्याय विकसंत सागर

**पिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वाधान में रक्षा बंधन पर्व एवं निर्वाण लाडू बडे ही हर्ष और उल्लास भक्ति भाव संगीतकार अभिनन्दन प्रेमी के भजनों पर झूम के अष्टद्रव्य के थाल के साथ चढ़ाया गया। समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि सांवलिया पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बड़ा मंदिर में उपाध्याय विकसंत सागर महाराज, विश्वमीत सागर ससंघ महाराज का आध्यात्मिक पावन वर्षा योग धर्म प्रभावना के साथ चल रहा है। महाराज के सानिध्य में पं.राजकुमार जैन व देशना दीदी के कूशल निर्देशन में प्रातः



कालीन अभिषेक, शान्ति धारा, कल्याण मन्दिर स्त्रोत विधान की पूजन की गई। उसके बाद मुनि विष्णु कुमार एवं अन्य 700 मुनि राजो की पूजा अर्चना करते हुए 700 सात सौ फल समाज जन व चातुर्मास कमेटी के द्वारा समर्पित किए गए व 11वें तीर्थंकर श्रेयांसनाथ भगवान का मौक्ष कल्याणक महोत्सव निर्वाण लाडू निर्वाण कांड बोलकर लाडू चढ़ाया गया। निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य त्रिलोकचंद जैन, दिनेश कुमार, पारस जैन, जीवन जैन नयापुरा को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात मुनिराज के द्वारा रक्षा सूत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर उपाध्याय विकसंत सागर महाराज ने बताया कि जैन धर्म में रक्षाबंधन का पर्व विष्णु कुमार मुनि और 700 मुनियों की रक्षा की याद में मनाया जाता है। यह पर्व भाई-बहन के प्रेम के साथ-साथ देश, धर्म और समाज की रक्षा का संकल्प लेने का भी दिन है। रक्षा बंधन राष्ट्र, धर्म, जैन संतो जैन संस्कृति, जैन मंदिरों और जैन समाज की रक्षा के लिए संकल्पित होने का पर्व है। अन्त में पवन जैन, ऋषभ जैन, बंशीलाल परिवार नयापुरा द्वारा प्रभावना वितरण की गई।

## भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना, माधव के रक्षा सूत्र बांधती बहना



**आलनियावास ( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे सहित आसपास क्षेत्र में शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भैया की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर सुख समृद्धि के साथ मंगल कामना की वही भइयों ने भी स्नेह के इस बंधन को हमेशा कायम रखने का वचन दिया। अपने छोटे भैया माधव के रक्षा सूत्र बांधकर खुशी व्यक्त करती भाग्यश्री। वही गोगा नवमी तक चलेगा राखी बांधने का सिलसिला।

## रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया : बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, उपहार और मिठाइयों की हुई जमकर बिक्री



**रियांबड़ी ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने थाल सजाकर भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। उन्होंने आरती उतारी और भाइयों की लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर जीवनभर रक्षा का संकल्प दोहराया। ग्राम विकास अधिकारी संदीप गोदारा ने बताया कि हेजल द्वारा अपने भाई निशांत, पिता संदीप ओर दादा दौलतराम के राखी बांधी गई। इसी प्रकार वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सुखराम कमेडिया डांगावास ने बताया कि स्थानीय मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। वहीं भाइयों की कलाई पर बहनों ने राखी बांधी जिस पर भाइयों ने उपहार दिए। सभी परिवारों में प्यार और उत्साह का माहौल रहा।

## रक्षाबंधन पर युवाओं ने किया पौधारोपण, नाड़ी की पाल पर गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**भिनाय ( हुक्मनामा समाचार )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गुढ़ाखुर्द के ग्राम खेड़ी में रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक पर्व को इस बार युवाओं ने एक नए और प्रेरणादायक रूप में मनाया। गांव के कई उत्साही युवक ने शनिवार को नाड़ी की पाल पर सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। रक्षाबंधन पर युवा टोली आवश्यक औजार और पौधे लेकर नाड़ी की पाल पर जुट गई। गांव के बुजुर्गों ने युवाओं की इस पहल की सराहना की और कहा कि नाड़ी की पाल पर पौधे लगाने से यहां का पर्यावरण और अधिक स्वच्छ व हरा-भरा होगा। इससे न केवल जलस्तर में सुधार होगा, बल्कि आने वाले वर्षों में गांववासियों को गर्मी में छाया और ताजी हवा भी मिलेगी। कार्यक्रम में युवाओं ने बताया कि नाड़ी पर पौधों का पनपना आसान होगा। इसके साथ ही, यह क्षेत्र पशुओं और पक्षियों के लिए भी सुरक्षित आवास बनेगा। यह पहल न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बनी, बल्कि इसने यह भी साबित किया कि त्योहार केवल परंपरा निभाने का नाम नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति की सेवा का अवसर भी हो सकते हैं। युवाओं ने पौधे के चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाया ताकि पशुओं से नुकसान न हो । कार्यक्रम में उपस्थित हनुमान कुमावत, राजेंद्र कुमावत, श्रवण लाल कुमावत, नंदकिशोर कुमावत, राजू गुर्जर, देवराज बैरवा, किशन बैरवा, राकेश कुमावत आदि मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



**भिनाय ( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे समेत आसपास के गांवो में शनिवार को रक्षाबन्धन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयो की कलाई पर अपनी रक्षा व सुरक्षा कवच की तरह विश्वास की डोर बांधी। पूरे दिन राखी बांधने का माहौल दिखा वही भिनाय के बाजार में बहने राखी, नारियल, फल व मिठाई खरीदती देखी गई। चौराहे पर मेले जैसा माहौल बना रहा। क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत को भी उनकी दोनों बहनों ने रखी बांधकर लम्बी उम्र की कामना की।

## लायंस क्लब भीलवाड़ा, व जॉइंट्स क्लब वेदांत ने रक्षा बंधन पर्व मनाया



**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** लायंस क्लब भीलवाड़ा शक्ति, जॉइंट्स क्लब वैदांत की अध्यक्षा अनीता आर्य के नेतृत्व मे जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, पुलिस उप अधीक्षक पारस जैन, जिला कारगृह अधीक्षक भेरू सिंह राठौड़, सहित जेल कारगृह मे 300 केदियो के रक्षा सूत्र बांधकर व मुंह मीठा करवा कर रक्षा बंधन पर्व मनाया, केदियो को बुराई का मार्ग छोड़कर, नेक कार्य व समाज मे अच्छे व्यक्ति बनकर उभरने की शपथ दिलाई,, इस दौरान, सुमित्रा वैष्णव, अनीता पहाड़िया, रीना गुप्ता, ममता सिंह, राजेंद्र राठी, सुषमा शर्मा, जोली शर्मा मौजूद रही।

# मानवता कि रक्षा का वादा किया भाईयो ने, भाई-बहन के अटूट रिश्तों का पर्व राखी धूमधाम से मनाया गया



**पादूकला ( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बें सहितआसपास के ग्रामीण आंचल में शनिवार को भाई बहन का त्यौहार बडे धुमधाम से मनाया गया। बहनो ने भाईयो के कलाई पर राखी बांध कर लम्बी उम्र की कामना की। वहीं भाईयो ने रक्षा करने का वादा किया। बहनो ने सात श्रृंगार कर रोली व राखी बांध कर आरती की। दिन भर बाजार में रौनक देखने को मिली। वही राखी की दुकानो पर बडी भीड देखने को मिली और दुकानदारो ने बताया कि इस बार मंहगाई के बावजुद भी अश्छा कारोबार देखने को मिला। खेती का कार्य में किसान लगे हुऐ है जिस के कारण बाजार में इस बार रोनक फिकी रही लोगो की माने तों दिनभर शुभमुहर्त होने के कारण राखी बांधने में कोई रुकावट नही आयी बहनो ने भाईयो के कलाई पर राखी बांध कर लम्बी उम्र की कामना की। वहीं भाईयो ने रक्षा करने का वादा किया। बहनो ने सात श्रृंगार कर रोली व राखी बांध कर आरती की। दिन भर बाजार में रौनक देखने को मिली। वही राखी की दुकानो पर बडी भीड देखने को मिली लोगों में काफी उत्साह देखा गया। पुरोहितों ने घर घर जाकर यजमनों को रक्षा सूत्र बांधा। त्योहार भाई बहन इस अटूट प्यार वाले पवित्र त्योहार एक पारंपरिक तरीके से राखी बनाने की विधि चंदन कुमकुम तिलक लगाकर रक्षा सूत्रबांधती भाई अपनी बहिन को वचन दिया। ओर उन्हें रक्षा बंधन रक्षाबंधन का पर्व अटूट बंधन का पर्व है भाई-बहनों के लिए रक्षाबंधन का पर्व परंपरागत रूप से आपसी रिश्तों को मजबूती देने का एक बड़ा पर्व है। रक्षाबंधन पर्व के मौके पर कलाई सजाती बहनों को भाईयों से भरपूर स्नेह और तोहफे मिले। वहीं भाईयो ने रक्षा करने का वादा किया। भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार आज बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही माहौल में उत्सव की खुशबू घुली हुई थी। बहनों ने सज-धज कर अपने भाइयों की कलाई पर प्यार और विश्वास की डोर राखी बांधी और उनके सुख-समृद्धि की कामना की।बहनो ने सात श्रृंगार कर रोली व राखी बांध कर आरती की। दिन भर बाजार में रौनक देखने को मिली। वही राखी की दुकानो पर बडी भीड देखने को मिली और दुकानदारो ने बताया कि इस बार मंहगाई के बावजुद भी अच्छा कारोबार देखने को मिला। खेती का कार्य में किसान लगे हुऐ है जिस के कारण बाजार में इस बार रोनक फिकी रही लोगो की माने तों दिनभर शुभमुहर्त होने के कारण राखी बांधने में कोई रुकावट नही आयी बहनो ने भाईयो के कलाई पर राखी बांध कर लम्बी उम्र की कामना की। वहीं भाईयो ने रक्षा करने का वादा किया।

# रक्षाबंधन विधान का आयोजन



**मदनगंज किशनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** दिगंबर जैन महिला महा समिति के तत्वाधान में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष में सिटी रोड स्थित आदिनाथ मंदिर में रक्षाबंधन विधान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आर. के. मार्बल परिवार से अशोक पाटनी, सुरेश पाटनी, आदिनाथ पंचायत अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल, इंद्र पाटनी, देवेंद्र झांझरी, दीपक रारा, अशोक झांझरी, लक्ष्य झांझरी आदि ने द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। तत्पश्चात आरके मार्बल से शांता पाटनी, तारिका पाटनी एवं समिति अध्यक्षा मोना झांझरी ने मुख्य कलश स्थापना की तथा निशा रारा, बिना झांझरी, अलका बाकलीवाल, ऊषा गौधा ने विधान के चार मांगलिक कलश की स्थापना की। इससें पूर्व श्रैयांशनाथ भगवान की प्रतिमा पर अभिषेक शांतिधारा विनय कुमार, रोनक, रीना, श्रैया गगंवाल परिवार ने की। ततपश्चात पं रोहित शास्त्री के निर्देशन मे सकलीकरण, मंडल शुद्धि, कलश स्थापना, विनय पाठ देव, शास्त्र, गुरु की पूजा, चौबीस तीर्थंकर पूजा की गई। तीर्थंकर भगवान श्रैयांशनाथ भगवान का मोक्षकल्याण मनाया गया तथा महिला प्रकोष्ठ मंत्री गुनमाला पाटनी, युवा प्रकोष्ठ रीता गंगवाल, धार्मिक मंत्री बबीता कासलीवाल, परामर्शक सुलोचना कासलीवाल, सरिता पहाड़िया आदि समाज जनों ने निर्वाण लाडू चढाया। ततपश्चात अकंपनाचार्य की एवं विष्णु कुमार महामुनि की पूजा की। धार्मिक मंत्री जूली चौधरी ने बताया कि आज के दिन विष्णु कुमार मुनि ने वामन रुप धारण कर 700 मुनियों का उपसर्ग दूर कर रक्षा की थी। इस उपलक्ष्य मे रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है। उपसर्ग निवारण दिवस के उपलक्ष में मंडल विधान पर 700 श्रीफल एवं अर्घ समर्पित किए गए। जिसका पुणयार्जन आर के परिवार से अशोक पाटनी, सुरेश पाटनी, शांता पाटनी, तारिका पाटनी, मोना झांझरी, देवेन्द्र झाझरी, प्रियल झांझरी, संजय, सुनीता बाकलीवाल, सरोज गोधा, जूली चौधरी, लाड़ देवी, जितेंद्र, सक्षम पाटनी, प्रीति छाबड़ा, शांति देवी, रीटा गगंवाल, डा किरणमाला पाटनी, रीना गंगवाल, भागचंद्र गंगवाल, साधना गंगवाल, सुमन पाटौदी, दगड़ा, पिंकी सोनी, पिंकी कासलीवाल को प्राप्त हुआ। पूजन सामग्री के पुणयार्जक पवन, संजय, ऊषा, सुनीता बाकलीवाल रहा। कमल सेठी द्वारा संगीत की मधुर ध्वनि के साथ पूजा की गई।

## प्रतिबंध के बावजूद क्षतिग्रस्त बरनी पुलिया से गुजर रहे भारी वाहन, क्षतिग्रस्त पुल पर ट्रोला फंसने से कई घंटों तक आवागमन बाधित



**नाहरगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** नाहरगढ़ भंवरगढ़ मार्ग पर स्थित बरनी नदी के क्षतिग्रस्त पुल पर रेत से भरा एक ट्रोला फंस जाने के कारण जाम लग गया और कई घंटों तक आवागमन बाधित रहा। गौरतलब है कि बरनी नदी पर बना पुल के तेज बारिश के कारण टूट जाने के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा मिट्टी और पत्थर डाल कर आवागमन हेतु वैकल्पिक व्यवस्था बनाई वहीं शेष बची पुलिया के पिलर भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। विभाग द्वारा पुलिया के दोनों ओर बड़े वाहन निषेध के चेतावनी बोर्ड दिए गए और छोटे वाहनों हेतु आवागमन शुरू किया गया। लेकिन फिर भी बड़े भारी लोडिंग वाहन लगातार क्षतिग्रस्त पुलिया से गुजर रहे हैं। रेत से भरे बड़े ट्रोले धड्डले से पुलिया पार कर खतरे को आमंत्रण दे रहे हैं। इन भारी वाहनों की आवाजाही की लापरवाही पूरे क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का सबब बन सकती हैं रेत से भरा ट्रोला फंसा,आवागमन हुआ बाधित शनिवार सुबह ही बरनी नदी की क्षतिग्रस्त पुलिया पर नाहरगढ़ की ओर आ रहे आरजे 08 जीबी 3737 नम्बर के रेत से भरे ट्रोले के फंस जाने से जाम लग गया। आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। वही रक्षाबंधन त्यौहार के चलते लोगों को भारी परेशानी हुई। सुबह करीब 8.30 बजे तक रोडवेज बस भी नहीं निकल सकी, जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं को फ्री यात्रा का लाभ भी नहीं मिल पाया और अधिक किराया देकर निजी बसों और साधनों से दूसरे मार्ग से अपने गंतव्य तक जाना पड़ा। सूचना पर नाहरगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ट्रोला चालक और उसके साथियों को हिदायत दी और जेसीबी बुलवाकर ट्रोला निकलवाया और आवागमन शुरू किया। जिसके बाद प्रतिबंध के बावजूद वाहन लाने पर पुलिस द्वारा ट्रोले का चालन किया गया।

## नकबजनी के प्रकरण में एक आरोपी मनीष को ग्राम छोटी खाटू से किया गिरफ्तार




**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** डीडवाना जिले के खूनखूना थाना पुलिस के द्वारा नकबजनी के प्रकरण में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को छोटी खाटू से गिरफ्तार किया है। एव दो विधि संघर्षरत बालकों को भी निरुद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।जानकारी देते हुए थाना अधिकारी देवीलाल बिश्नोई ने बताया अनिल कुमार, निवासी छोटी खाटू ने रिपोर्ट दी कि सुबह करीब 7 बजे घरेलू सामान लेने के लिए कमरे में गया तो बक्से में रखा कुछ कीमती सामान गायब था। जिसमें चांदी के कडे, 3 जोड़ी चांदी की पाजेब 2 चांदी के सिक्के शामिल थे। इसके कुछ देर बाद मेरे काका का लड़का मनोज ने आकर बताया कि मेरे भी बक्से से 1 सोने की टुसी, 1 सोने का पत्ता, 2 जोड़ी चांदी की पाजेब, 3 चांदी की अंगूठियां और 1 चीटुड़ी गायब है। इसी प्रकार मेरे पड़ोसी काका का लड़का सुरेश ने भी बताया कि उसके भी बक्से से 1 सोने की कंठी, 3 सोने के मंगलसूत्र और 1 जोड़ी पाजेब चोरी हो गई है।तीनों घरों से यह कीमती सामान अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। इस पर थाना खुनखुना में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान सूरजमल द्वारा शुरू किया गया।एव आसूचना संकलन एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मनीष एवं दो विधि संघर्षरत बालकों की गतिविधियां घटना के बाद से संदिग्ध पाई गई। दस्तयाब कर पूछताछ करने पर तीनों ने जुर्म स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी का माल बरामद किया गया।

## धार्मिक स्थल के बाहर बह रही सीवरेज के गंदगी भक्तों को आने-जाने में हो रही परेशानी



**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** डीडवाना शहर के सालासर रोड जाने वाले मार्ग पर कई धार्मिक स्थल मठ मंदिर यहां पर है,इन मठ मंदिरों में धार्मिक स्थलों पर रोज हजारों श्रद्धालु दर्शनार्थ हेतु आते हैं,जिनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,जिस तरह इन धार्मिक स्थलों के बाहर सीवरेज के चेंबर हर समय ओवरफ्लो नजर आ रहे हैं, चौक नजर आ रहे हैं, जिसकी वजह से सारी गंदगी सड़कों पर बह रही है, गंदी बदबू मौसमी बीमारियां पनप रही है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है।हजारों वर्ष पुराने यह धार्मिक स्थल है। जहां पर रोज भक्तगण दर्शनार्थ हेतु आते हैं। उन्हें इन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। संबंधित विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। आदि सिद्ध स्थान जोगामंडी धाम बटुकनाथ भैरव मंदिर के बाहर सीवरेज का चैंबर काफी दिनों से ओवरफ्लो चौक हो रखा है। जिसकी सारी गंदगी सड़कों पर बह रही है। जिसकी वजह से गंदी बदबू आ रही है। बीमारियां फैल रही है। संबंधित विवाग को अवगत कराने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। भक्तों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।भक्तों के साथ में ही मंदिर में रहने वाले साधु संतों को भी गंदगी बदबू का सामना करना पड़ रहा है।इस गंदगी से दुर्गंध आ रही है। बीमारियां पनप रही है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

## जालिया में जिंदल सॉ पर अवैध ब्लास्टिंग का आरोप, किसानों ने डी एम व पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन




**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** कोर्ट आदेश कि पालना करो, पालना करों, जालिया अवैध ब्लास्टिंग बंद करो, बंद करो, की तख्तीया लिए बनेड़ा तहसील के जालिया गांव के किसानों ने जिंदल सॉ लिमिटेड द्वारा अवैध ब्लास्टिंग और खनन बंद कराने, साथ ही सुरक्षा देने की मांग को लेकर डी डी एम और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि 14 जून 2024 को हुई तेज ब्लास्टिंग से खेतों व मकानों को भारी नुकसान हुआ और ग्रामीणों की जान पर खतरा बन आया। ग्रामीणों ने इसके बाद 205 दिन तक धरना देने के बाद कंपनी से लिखित समझौता किया था, लेकिन 6 माह बाद भी कई शर्तें पूरी नहीं हुई। सांसद दामोदर अग्रवाल ने यह मुद्दा लोकसभा में भी उठाया, पर कार्रवाई नहीं हुई। किसानों का कहना है कि कोर्ट की रोक के बावजूद 8 अगस्त को पुलिस मौजूदगी में ब्लास्टिंग करवाई गई। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि अवैध खनन व ब्लास्टिंग बंद नहीं हुई और सुरक्षा नहीं दी गई, तो वे कलेक्ट्रेट के बाहर सामूहिक आत्मदाह करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया की जिंदल के समर्थन मे जो लोग ज्ञापन देने आये वो अधिकांश जालिया ग्राम के बाहर से थे, जालिया गांव से महज चंद लोग थे,ये वे लोग थे जिनके जिंदल मे ठेके, डंपर, या अन्य मशीने चल रही है, इन्हे सिर्फ पैसा कमाना है न की गाँव की जनता, व मवेशीयो की परवाह है,, ग्रामीणों ने जिंदल की ब्लास्टिंग रोकने की पुरजोर गुहार लगाई है।

# सरवाड़ उपखंड के गावों में राखी का पर्व धूमधाम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया



**कोटड़ी ( हुक्मनामा समाचार )।** सरवाड़ उपखंड सहित क्षेत्रों में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प दिलाया। पहली राखी इंद्राणी ने इंद्र देवता के बांधी थी। सभी बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधकर उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को रक्षा का वादा किया। हिन्दू धर्म में मान्यता है कि भाई की कलाई में बांधा जाने वाला रक्षा सूत्र सिर्फ एक धागा नहीं है। यह बहन-भाइयों के अटूट और पवित्र प्रेम का बंधन और सुरक्षा की शक्ति का प्रतीक है। क्षेत्र की ग्राम पंचायतों सराना शोकलिया बरोल भगवंतपुरा गोयला फतेहगढ़ खिरिया जोताया सहित अन्य गांवों में रक्षा बंधन का पर्व धूमधाम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सुबह लोगों ने स्नान कर देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की। इसके बाद बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधा। उन्होंने जन्म-जन्म तक सुख-दु:ख में साथ निभाने का वचन भाइयों से लिया। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। घरों में महिलाओं ने मिठाई बना कर भोग लगाया गया। राखी बांधने से पहले बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा कराया और तिलक लगाया। भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। इस त्योहार पर सबसे ज्यादा खुशी बच्चों के चेहरे पर देखी गई। राखी के पर्व पर राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए बस में फ्री यात्रा होने से सरकारी बसों में निशुल्क यात्रा के चलते भारी भीड़ उमड़ी। जगह जगह भारी भीड़ से बचने के लिए ग्रामीणों ने निजी वाहनों में यात्रा की गई। राखी के पर्व के बारे में सराना हनुमान मंदिर आश्रम के महंत शंकर दास महा त्यागी ने बताया कि करीब सौ साल बाद राखी भद्रा काल के बीना बांधी जा रही है जो एक शुभ मुहूर्त माना जाता है। वरना हर साल राखी में भद्रा काल आता है। सुबह से ही गावों में एक दुसरे गावों में महिलाएं अपने भाइयों के राखी बांधती देखी गई।

## तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मृत्यु


**छीपाबड़ौद ( हुक्मनामा समाचार )।** छीपाबड़ौद तहसील क्षेत्र के काजलिया के तालाब में खेत पर जाते समय पैर के फिसल जाने पर डूबने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। तालाब में डूबने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्राम वासियों के सहयोग से शव को तालाब से बाहर निकला गया।

थाने के एएसआई इस्लाम भाई ने बताया कि यह घटना शनिवार सवेरे 9 बजे के लगभग की है। मृतक की पहचान द्वारकी लाल भील के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## आंखों के इशारों पर खुदते थे हैंडपंप : प्रजापत

# पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय प्रो सांवरलाल जाट की आठवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा

**भिनाय (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा अजमेर देहात के जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत ने कहा कि किसान नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय प्रो सांवरलाल जाट राजस्थान में एक विरले ही नेता थे जो गांव,गरीब व किसान के लिए सड़क पर ही काफिला रोककर उनकी समस्या का निदान करते थे। मवेशी चराने वाले चरवाहे बीच सड़क पर रोककर ही हैंडपंप के लिए मांग करते थे जिस पर मंत्री जाट ने अधिकारियों को आंखों में इशारा करके ही हैंडपंप खुदवा देते थे। स्वीकृति बाद में आती पहले हैंडपंप खुद जाते थे। वे शनिवार को गोपालपुरा में जाट की आठवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह राजस्थान के लिए एक नेता ही नही बल्कि एक महापुरुष थे।




उनके जैसा पहले कोई न तो हुआ और न आगे होगा। मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने कहा कि स्वर्गीय जाट ने गांव गांव ढाणी ढाणी में बीसलपुर का पानी पहुचाकर राजस्थान के भागीरथ बने। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए कई एनीकट, बांध व तालाबो का निर्माण किया। नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लाम्बा ने कहा कि वे अपने पिता के पदचिन्हों पर जनता के विकास के लिए प्रयासरत है। पूरा परिवार जनसेवा में लगा हुआ है। भाजपा जिला देहात महामन्त्री सुभाष वर्मा ने कहा कि जाट के मुकाबले आज तक कोई चुनाव प्रबन्धक नही मिला। उनका चुनाव प्रबंधन उच्च स्तर का था। वे किसानों की समस्याओं को चुटकी में हल करते थे। माचिस की डिब्बी के कागज पर ग्रामीणों की ओर से लिखी मांग पर लाखों की स्वीकृति निकाल देते थे। भाजपा देहात जिला महामंत्री अर्जुन नलिया ने कहा कि स्वर्गीय जाट समय के प्रतिबद्ध नेता थे। समय की कीमत को अच्छी तरह जानकर उनका भरपूर प्रयोग करते थे।

आमजन के लिए सहजता से उपलब्ध होने वाले नेता थे। भाजपा देहात जिला उपाध्यक्ष कैलाश लाम्बा ने अपने पिता के निधन के आठ साल बीत जाने बाद भी जनता के स्नेह पर अभिभूत होते हुए उनके बताए मार्ग पर चलकर जनसेवा के लिए जीवन समर्पित कर देंगे। कार्यक्रम को भाजपा नेता नरेन्द्र सिंह चूंडावत, प्रधान सम्पतराज लोढा, सोहनसिंह रावत, सचिवालय संघ के पुर अध्यक्ष शिवजीराम चौधरी, बालचन्द जांगिड़, बच्छराज जाट, रामसुख गुर्जर ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान जाट के छोटे भाई जमनालाल लाम्बा, जगदीश लाम्बा, भाजपा नेता तुलसीराम खिंची, जवार चौधरी, चेतन पारीक, संजय लोढा, देवेंद्र कुमार शर्मा, कमलेश जाट, कैलाश जाट, भेरूलाल चोपड़ा,जसराज जाट, घीसालाल पटेल, हंसराज गुर्जर, राजेंद्र गैना, ताराचंद रावत, कालूसिंह रावत राजोसी, महेंद्र चौधरी, बालूराम शर्मा, श्रवण चौधरी, मुकेश जाट, भंवरसिंह झड़वासा, शिवराज चौधरी, श्योकरण जाट, मेघसिंह रावत, ओमप्रकाश कासनिया, अशोक विशु, जयमल रहलानी, जीवराज जाट, गणपत ग्वाला, घीसूसिह चौधरी, नाथूलाल मोहम्मद गढ़, सुरजीत सिंह रावत, जयसिंह रावत, महेश भटनागर, भगवान दत्त शर्मा, राजू रावत, सहित सेंकडो अनुयायी मौजूद थे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर बिंदाराडा गांव में निकाला जुलूस



**छीपाबड़ौद (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शनिवार 9 अगस्त को छीपाबड़ौद तहसील के गांव बिंदाराडा में जोरदार डीजे के साथ आदिवासी भाइयों ने जुलूस निकाला। वही अपनी संस्कृति परंपराओं को बने हुए बल्कि पर्यावरण संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग और समाज के विकास में भी महत्व पूर्ण योगदान दे रहे हैं। बताया कि इस दिवस पर संकल्प लेना चाहिए क्योंकि हम आदिवासी समाज के अधिकारों का सम्मान करेंगे। इस दौरान पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परमानंद मीणा,भील समाज के जिला अध्यक्ष रमेश, चंद्रा भील, राधेश्याम भील,रूपचंद भील,दुर्गा लाल मेंबर रिंकू मीणा परमानंद भील महेश कुमार भील महावीर भील मांगीलाल भील रघुवीर मीणा प्रहलाद भील आदि आदिवासियों ने सम्मान के साथ आदिवासी दिवस मनाया।

## बहनों ने बांधी भाई के कलाई पर राखी, सजी भाइयों की कलाई



**छीपाबडौद (हुक्मनामा समाचार)।** छीपाबडौद कस्बे सहित अन्य गांवों में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधी व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया और भाई की तरक्की की कामना की। भाईयों ने भी बहन को रक्षा का वचन देते हुए उपहार भेंट किए। सुबह 9.28 बजे के बाद लोगों ने रक्षाबंधन पर्व मनाना शुरू किया। बहनों ने राखी की थाली में रेशम वस्त्र, केसर, सरसों, चावल, चंदन व राखी रखकर श्रवण जी की पूजा की अर्चना की वही राखी के त्योहार का बच्चो में काफी उत्साह रहा। जानकारी के अनुसार रक्षा बंधन के पावन पर्व पर बहिनें अपने छोटे-बड़े भाइयों को रक्षा सूत्र बांधने के लिए आसपास इलाकों से लेकर लंबा सैकड़ों किलोमीटर तक का सफर तय कर राखियां बांधने पहुंची बहिनें।

## विधायक कृपलानी ने रक्षाबंधन पर्व पर बंधवाई राखी, दी शुभकामनाएं



**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** भाई-बहन के अटूट स्नेह एवं अखण्ड विश्वास के पावन पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने समस्त विधानसभा सहित प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व पर सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। विधायक कृपलानी ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी निम्बाहेड़ा के प्रमुख पेट्रोल पम्प संचालक एवं पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष ललित प्रकाश शारदा की बहन अजमेर निवासी ज्ञानलता माहेश्वरी से राखी बंधवाकर रस्म निभाई तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## दो विधानसभा क्षेत्रों के बीच की सड़क पादूकलां से डेगाना मार्ग जर्जर, हर मिनट गुजरते हैं 30 वाहन

**पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत मेवड़ा से डेगाना जाने वाला पादूकलां मार्ग पूरी तरह से टूट चुका है। यह इलाका सबसे व्यस्त मार्गों में गिना जाता है। यहां हर मिनट 20 से 30 वाहन गुजरते हैं। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई जगहों पर डामर पूरी तरह उखड़ चुका है। वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है।इस मार्ग से स्कूल बसें, ट्रक, बाइक और कारें रोज गुजरती हैं। सड़क खराब होने से हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया।सोमवार को प्रसिद्ध समाधि स्थल अच्छीनाथजी महाराज पर भारी भीड़ रहती है। उस दिन यह मार्ग सबसे ज्यादा व्यस्त रहता है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं हुई।

यह मार्ग दो विधानसभा क्षेत्रों में आता है। एक तरफ मेड़ता, दूसरी ओर डेगाना। दोनों जगहों के विधायक होने के बावजूद सड़क की हालत जस की तस बनी हुई है। समय-समय पर अवगत कराने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। श्रद्धालुओं को भी इस जर्जर सड़क से परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क



की मरम्मत कराई जाए। पादूकलां से मेवड़ा, नथावडी, नथावडा, बिखरनियाकलां बिखरनिया खुर्द सड़क तेज बारिश के कारण खड़े पड़े और गिट्टी निकले हुई टू व्हीलर, फोर व्हीलर वाहन चालकों बड़ी परेशानी सामना करना पड़ रहा है।

## रक्षाबंधन का त्यौहार बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर हर्ष उल्लास के साथ मनाया

**किशनगंज (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे सहित आसपास गांवों में भी रक्षाबंधन का त्यौहार बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर हर्ष उल्लास के साथ मनाया। राखी पर बाजारों में रही भीड़ रक्षाबंधन पर भाइयों को राखी बांधने के लिए बहनों की आवा जावी बनी रही रक्षाबंधन पर्व के दिन बाजारों में बहनों की राखी की दुकानों पर भीड़ लगी रही। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए राखियां खरीदी। सुबह से ही राखी बांधने का दौर शुरू हुआ और बहनों ने अपने भाइयों के रोली तिलक लगाकर कलाइयों पर राखी बांधकर मीठा मुंह करा कर भाई की खुशीहाली के लिए लंबी उम्र की दुआ मांगी। भाइयों ने भी बहनो की रक्षक का संकल्प लिया। मिठाई और किरानो की दुकानों पर भी भीड रही जहां से मिठाई और गोला की खरीद की गई। महंगाई ने बिगाड़ा बहनों का बजट। मिठाई महंगी होने और गोला भी 35 से ?40का एक गोला, गोला 350 से 370 किलो, एकनारियल 30 से 35 रुपए का होने से बहनों का बजट गड़बड़ाया।

## सावन पूर्णिमा पर गोवंश को खिलाई लापसी

**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** डीडवाना उपखंड क्षेत्र के नजदीकी ग्राम सानिया में रैगर समाज के युवाओं के द्वारा सावन माह की पूर्णिमा के पावन पर्व पर गौ सेवा की गई है। गौ सेवा करते हुए।

रैगर समाज युवा मित्र मंडल के द्वारा गोवंश के लिए लपसी बनाई गई है।लापसी बनाकर ग्राम के गौशाला में गोवंश को खिलाई गई है। युवाओं ने कहा है की सावन की पूर्णिमा का पर्व बड़ा ही महान पर्व है। इस दिन हमें दान पुण्य करना चाहिए। इसी को लेकर रैगर समाज के युवाओं के द्वारा गोवंश को लापसी बनाकर खिलाई है। गौ सेवा करते हुए। पुनीत कार्य किया है। इस अवसर पर बाबूलाल खोरवाल वार्ड पंच सुनील बालोटिया मुकेश गोरधन विकास बनवारी लाल गंगा राम पन्ना राम नरेंद्र एवम रैगर समाज युवा मित्र मण्डल के युवा ने सहयोग किया।



## पिड़ावा क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार



**पिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्यौहार रविवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने भाई की कलाई पर प्रेम का धागा बांधा और मुंह मीठा करवाया। वहीं भाइयों ने बहनों को रक्षा का वादा किया। वहीं क्षेत्र में राखी के त्यौहार पर बाज़ारो में अधिक चहल पहल दिखाई दी। भाई बहन के पवित्र त्यौहार पर छोटी छोटी बहनो ने अपने भाइयों की कलाई पर डोरीमोन, लाइट वाली, छोटा भीम, मास्क वाली सहित कई तरह की आकर्षक राखियो से अपने भाइयों की कलाई सजादी।

## खाखोली कीचक के बीच अज्ञात वाहन ने मारी बाइक सवार को टक्कर बाइक सवार हुआ गंभीर घायल

**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** डीडवाना जिले के नजदीकी मौलासर के खाखोली कीचक जाने वाले मार्ग पर एक बाइक सवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। जिसे मौलासर के राजकीय अस्पताल ले जाया गया।

जहां पर चिकित्सकों ने उसका उपचार करते हुए डीडवाना रेफर कर दिया। जानकारी अनुसार बाइक सवार रामावतार उम्र 30 वर्ष निवासी चुगनी बाइक लेकर जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी,टक्कर की वजह से बाइक सवार घायल होकर नीचे गिर गया, जिसे राजकीय अस्पताल मौलासर ले जाया गया,जहां पर चिकित्सकों ने घायल का उपचार करते हुए, डीडवाना रेफर कर दिया, जहां 108 की सहायता से घायल बाइक सवार को डीडवाना ले जाया गया,108 के पायलट रामस्वरूप बिजारणिया ईएमटी राजेंद्र मुवाल के द्वारा घायल को 108 की सहायता से डीडवाना के राजकीय बागड़ जिला अस्पताल लाया गया,एवं प्राथमिक उपचार जारी करवाया गया, जहां पर चिकित्सकों के द्वारा घायल का उपचार करते हुए, गंभीर अवस्था को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## प्रकृति प्रेमीयो ने मोक्ष धाम स्थल पर पेड़ों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया



**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** षनिवार को रक्षाबंधन के पावन अवसर पर ग्रीन अर्थ नेचुरल सोसायटी के सदस्य और प्रकृति प्रेमीयो ने आज रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर मिलकर निंबाहेड़ा के मोक्ष धाम स्थल पर पेड़ों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर ग्रीन अर्थ नेचुरल समिति के संरक्षक इंजीनियर हजारीलाल एवं अन्य उपस्थिति में पेडों को राखी बांधकर रक्षा कवज सुरक्षात्मकता जीवीत रखने के साथ पूरी देखभाल करने का सकल्प भी लिया गया।

## हार्ट अटैक से किशनगंज में एक युवक की मौत

**किशनगंज (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे में रक्षाबंधन पर डालचंद कोली की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन किशनगंज चिकित्सालय लेकर आए जहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। डालचंद कोली डीलर शंभूराठी की दुकान पर गेहूं वितरण का कार्य करता था।

**आम सूचना**

सभी आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार फर्म पायोनीर एन्टरप्राईजेज जरिये प्रोपराईटर मुकुल लखोटिया पुत्र श्री राजेन्द्र लखोटिया निवासी एम 2, आनासागर लिंक रोड अजमेर का केश क्रेडिट खाता संख्या 4859261000099 एवं चालू खाता संख्या 4859201000314 जो जो केनरा बैंक, शाखा किशनगढ़ जिला अजमेर में संचालित है, उक्त खातों हेतु जारी दोनों चैकबुक जिसमें से कुछ खाली चैक जो मुकुल लखोटिया के हस्ताक्षरशुदा हैं, दिनांक 04.07.2025 को समय लगभग रात्रि 9.00 बजे आनासागर लिंक रोड से रीजनल कॉलेज रोड के बीच कहीं गिरकर खो गये हैं, जो लगातार बहुत तलाश करने के उपरान्त भी नहीं मिल रहे हैं। मेरे पक्षकार को यह आशंका है कि खाली हस्ताक्षरित चैकों का दुरूपयोग किसी भी व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है, इसलिये उक्त आम सूचना प्रकाशित करवायी जा रही है।

दिनांक : 06.08.2025

(दिलीप शर्मा) एडवोकेट
मो.नं. 9829084031

## राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम किया आयोजित

**पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)।** समीपवर्तीग्राम पंचायत सथानाकलां में राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ रियां बड़ी के तत्वावधान में शहीद इनायत खां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सथाना कलां (नागौर) में स्काउट्स द्वारा स्काउट मास्टर धर्माराम चौधरी के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।

जिसमेंविभिन्न प्रकार जैसे खेजडी,शीशम,करंज, शहतूत, अमरूद, गुड्हल, आदि किस्म के विद्यालय परिसर और खेल मैदान में 90 के करीब पौधे लगाए और उनकी सुरक्षा का जिम्मा प्रत्येक स्काउट गाइड को दिया गया।स्काउट गाइड के सचिव बलदेवराम जयपाल के निर्देशानुसार आज हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण किया। चौधरी ने बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता है हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पूरे देश में पौधारोपण को लेकर एक अभियान चलाया शुरू किया है जिसमें एक पौधा अपनी मां के नाम आवश्यक रूप से लगाए एक वृक्ष की आयु एक हजार वर्ष तक होती है, इससे अनेक पशु पक्षियों को आश्रय मिलता है और मानव को सबसे महत्वपूर्ण ऑक्सीजन मिलती है ऐसे में यहां पर हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और उनका संरक्षण करना चाहिए। पौधे प्रकृति के श्रंगार होते हैं। यह न केवल धरती की शोभा बढ़ाते हैं बल्कि हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा भी है। आज ग्लोबल वार्मिंग जैसी विकराल समस्या के समाधान के लिए सघन वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। केवल सरकारी प्रयासों से नहीं बल्कि आम नागरिकों की भागीदारी से ही पर्यावरण संतुलन को बनाए रखा जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट अमन मेघवाल, सोनू सिंह, सहित रवि, प्रदीप, छगन, सुनिल, मुकेश नाथ, महावीर नाथ राहुल, सहित



विद्यालय का समस्त स्टाफ प्रधानाचार्य रूघाराम राङ आरीफ मोहम्मद, सफी मोहम्मद, जस्साराम लोरा, जस्साराम बेरवाल, सुरेंद्र सिंह चारण, दीपक कुमार, अर्जुन बेरवाल, सुरेंद्र सिंह राठौङ मोतीलाल, नेमाराम गारू, उम्मेद सिंह खंगारोत, रामनिवास गढ़वाल, हनुमान राम गरवा, प्रदीप कुमार भाम्बु, विजय कुमार जांगिङ सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नियमन/25-26/1294 दिनांक : 08.08.2025

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नितेश यादव पुत्र श्री विरेन्द सिंह पौत्र स्व. श्री महेन्द्रसिंह निवासी अजमेर रोड, ब्यावर ने राजस्व नयानगर के खसरा नम्बर 2172/347 का दक्षिण पश्चिमी भाग व खसरा नम्बर 2225/348 का उत्तरी भाग प्रा.नं. ए 01 का दक्षिण पश्चिमी भाग कुल क्षेत्रफल 959.20 वर्गगज भूमि का वाणिज्यिक से वाणिज्यिक (पेट्रोल पम्प) प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया गया है।

अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर-भीतर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**सीमाएं (साईट प्लान के अनुसार)**

पूर्व : उत्तरी पूर्वी भाग खसरा नम्बर 2172/347 व प्रा.नं. प्लॉट नं. ए 01 का भाग
पश्चिम : रोड 60 फीट
उत्तर : अन्य की भूमि
दक्षिण : खसरा नम्बर 2225/348 का भाग

आयुक्त-नगर परिषद, ब्यावर



## राज्यपाल को बालिकाओं और ब्रह्माकुमारीज की बहनो ने बांधा रक्षासूत्र

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को शनिवार को राजभवन में एस.ओ. एस. बालग्राम की बालिकाओं और ब्रह्माकुमारीज की बहनो ने रक्षाबंधन पर रक्षासूत्र बांधा। राज्यपाल ने इस दौरान कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का पावन पर्व है। यह पर्व परस्पर स्नेह और प्यार के साथ भाइयो द्वारा बहनों की सुरक्षा का संदेश देता है।



## रक्षाबंधन पर दिया कुमारी ने डॉ. प्रेमचंद बैरवा को बांधी राखी

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह के पावन पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर शनिवार को उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के राजकीय आवास पर उनको उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्नेहपूर्वक रक्षासूत्र बांधा। इस अवसर पर उन्होंने इस पर्व को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का उत्सव बताते हुए समाज में प्रेम, सौहार्द और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया।



## राज्यपाल से राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने की मुलाकात

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शनिवार को राजभवन पहुंचकर राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। डॉ. चतुर्वेदी की राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष बनने के बाद राज्यपाल से यह पहली शिष्टाचार भेंट थी।

### 'कृषक उपहार योजना' में संशोधन को स्वीकृति

## ई-नाम पोर्टल पर कृषि जिंसों की बिक्री को मिलेगा प्रोत्साहन

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार ने किसानों को पारदर्शी और डिजिटल माध्यम से कृषि जिंसों की बिक्री हेतु प्रोत्साहित करने के लिए संचालित 'कृषक उपहार योजना' में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

अब इस योजना का लाभ उन किसानों को ही मिलेगा जो ई-नाम पोर्टल के माध्यम से बिक्री करते हुए ई-पेमेंट (इलेक्ट्रॉनिक भुगतान) प्रणाली से भुगतान प्राप्त करते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को कृषि विपणन विभाग द्वारा भिजवाए गए प्रस्ताव के अनुसार अब उन्हीं किसानों को उपहार कूपन जारी किया जाएगा, जिनकी जिंसों की बिक्री ई-नाम पोर्टल पर दर्ज हुई हो और उसका भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से प्राप्त किया गया हो।

योजना के वर्तमान स्वरूप में देखा जा रहा था कि ई-नाम पर कृषि जिंस के विक्रय पर्चियों पर जारी कूपन की तुलना में ई-पेमेंट पर जारी कूपन की संख्या काफी कम है। अब केवल ई-पेमेंट पर ही उपहार कूपन जारी किए जाने से ई-नाम पोर्टल पर बिक्री के साथ-साथ किसान और व्यापारी तत्काल एवं सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के लिए प्रेरित होंगे।

संशोधित योजना में ई-पेमेंट से प्राप्त कृषि उपज विक्रय की प्रति 10 हजार रूपये की राशि एवं इसके गुणकों में उपहार कूपन ई-नाम सॉफ्टवेयर द्वारा जारी किए जा सकेंगे।

प्रत्येक 6 माह में मंडी स्तर पर ड्रॉ निकालकर 50,000 रूपये का प्रथम पुरस्कार 30,000 रूपये का द्वितीय पुरस्कार और 20,000 रूपये का तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## सरकारी अस्पताल के इमरजेंसी में मरीज पर बरसाई लाठियां

### लाठी-सरिया से डॉक्टरों को भी पीटा, धमकाकर अपने साथी का इलाज कराया

**खेतड़ी ( झुंझुनूं )।** आधी रात सरकारी हॉस्पिटल के वार्ड में लाठी-डंडों से लैस 15-20 बदमाशों ने हमला कर दिया। हॉस्पिटल में तोड़फोड़ की गई। इमरजेंसी में इलाज करा रहे युवक पर एक साथ कई बदमाशों ने लाठियों से हमला बोला। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई। डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ से भी मारपीट की। मामला खेतड़ी (झुंझुनूं) का है। उधर, शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हॉस्पिटल का स्टाफ धरने पर बैठ गया। पुलिस पर सवाल खड़े किए। आरोप लगाया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी, पर कार्रवाई नहीं की गई। राजकार्य में बाधा डालने, हॉस्पिटल में तोड़फोड़ व स्टाफ से मारपीट की रिपोर्ट खेतड़ी थाने में दी गई है। पुलिस को 2 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। कार्रवाई नहीं होने पर कामकाज ठप करने की चेतावनी दी गई है।

15-20 युवक लाठी-सरिया लेकर घुसे खेतड़ी (झुंझुनूं) के सरकारी हॉस्पिटल में तैनात डॉ. सुनील कुमार झाझड़िया ने बताया- शुक्रवार रात करीब 12 बजे गजेंद्र, निवासी वार्ड-1 (खेतड़ी) घायल अवस्था में हॉस्पिटल आया था। उसने बाइक से गिरने की बात कही थी। नाइट ड्यूटी स्टाफ उसका इलाज कर रहा था। तभी 15-20 युवक लाठी-सरिया लेकर हॉस्पिटल में घुस आए।

ड्यूटी स्टाफ से भी मारपीट बदमाशों ने हॉस्पिटल में तोड़फोड़ की। इमरजेंसी रूम में घुस आए और गजेंद्र (घायल) पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे ड्यूटी डॉक्टर और हॉस्पिटल स्टाफ के साथ भी मारपीट की गई। अभद्र व्यवहार किया गया। इस दौरान बदमाशों ने धमकाते हुए उनके साथ आए एक घायल का इलाज करने के लिए कहा। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की डॉ. झाझड़िया ने बताया- हमले के दौरान डर के माहौल में हॉस्पिटल स्टाफ ने कमरों में छिपकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर खेतड़ी पुलिस पहुंची, लेकिन हमलावरों को हिरासत में लेने के बजाय 'सुबह देखेंगे' कहकर कार्रवाई टाल दी। आरोपियों की मौजूदगी में पुलिस को हमने घटनाक्रम के वीडियो दिखाए, लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ने के बजाय उनका (आरोपियों) सहयोग किया।

पुलिस को कार्रवाई के लिए दो दिन का समय दिया गया है। अगर सोमवार तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो कार्य बहिष्कार कर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

हॉस्पिटल स्टाफ का कहना है कि पुलिस की लापरवाही से कर्मचारियों में आक्रोश है। हमले के बाद हॉस्पिटल में भय का माहौल है।

घायल बोला- बदमाशों ने पहले पत्थर से हमला किया घायल गजेंद्र ने बताया कि आरोपियों ने पहले पत्थर से हमला किया था। नाक पर चोट लगी थी। इलाज करवाने के लिए वह हॉस्पिटल आया था और इमरजेंसी रूम में बेड पर लेटा हुआ था। तभी खेतड़ी में रहने वाला धीरज अपने साथियों के साथ हॉस्पिटल आया और हमला कर दिया। लाठियों और सरियों के हमले से उसका पैर टूट गया।

## पंजाब के कांग्रेस विधायक खैहरा का पूर्व पीएसओ गिरफ्तार

### दिल्ली एयरपोर्ट से फाजिल्का पुलिस ने पकड़ा, 2015 के ड्रग्स केस से जुड़ा मामला

**चंडीगढ़।** पंजाब के कपूरथला से कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा के लिए एक और मुश्किल खड़ी हो गई है। उनके पूर्व निजी सुरक्षा अधिकारी और बेहद करीबी माने जाने वाले जोगा सिंह को पंजाब पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक यह कार्रवाई फाजिल्का पुलिस ने की है और मामला ड्रग तस्करी से जुड़ा हुआ है। जानकारी के अनुसार जोगा सिंह साल 2015 में दर्ज एक बड़े ड्रग तस्करी केस में फाजिल्का पुलिस को वांछित था। इस मामले में मार्केट कमेटी ढिलवां के पूर्व चेयरमैन समेत 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। फाजिल्का पुलिस का दावा है कि कार्रवाई के दौरान 2 किलो हेरोइन, 24 सोने के बिस्कुट, 2 पाकिस्तानी सिम कार्ड और एक टाटा सफारी गाड़ी बरामद की गई थी। जांच के दौरान ही जोगा सिंह का नाम सामने आया और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

**पहले भी हो चुकी है विधायक खैरा की गिरफ्तारी** इस केस की गंभीरता को देखते हुए पंजाब सरकार ने लुधियाना के पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा की अध्यक्षता में एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की थी। इसी केस में पूछताछ के लिए कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा को भी पहले गिरफ्तार किया गया था, हालांकि वह लगातार इस मामले से अपना कोई संबंध होने से इनकार करते रहे हैं। जोगा सिंह की गिरफ्तारी के बाद इस केस को लेकर पंजाब की सियासत में फिर से हलचल तेज हो सकती है। विपक्ष पहले से ही इस मामले को लेकर सरकार और खैरा पर हमलावर रहा है। अब पुलिस की आगे की जांच में यह देखना होगा कि क्या जोगा सिंह से पूछताछ के बाद नए खुलासे सामने आते हैं।

**144 गाड़ियों की खरीद को लेकर घोटाले के लगाए हैं आरोप** कपूरथला से कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैहरा ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार ने सड़क सुरक्षा फोर्स के लिए खरीदी गई 144 टोयोटा हाइलक्स पिकअप ट्रकों की खरीद में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। उनका कहना है कि थोक में गाड़ियां लेने के बावजूद कंपनी से कोई डिस्काउंट नहीं लिया गया, जिससे सरकारी खजाने को 15-20 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

## जैसलमेर में टोल मांगने पर तलवार से हमला

### जान बचाने के लिए छुपते रहे टोलकर्मी

**जैसलमेर।** जैसलमेर में भारतमाला हाईवे के 2 टोल नाकों पर बदमाशों ने तलवारों से हमला कर दिया। आरोपियों ने टोल कर्मचारियों को भी जान से मारने की कोशिश की। घटना शुक्रवार रात करीब एक बजे बजे रामगढ़ थाना इलाके की है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया- हाईवे पर 7 दिन पहले (2 अगस्त से) ही जैसलमेर से तनोट के बीच में तीन नए टोल नाके (रामगढ़, लाणेला, पारेवर गांव) शुरू हुए हैं। इनमें से लाणेला और पारेवर गांव के टोल पर हमला किया गया। वारदात वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

**टोल मांगा तो भड़के, फिर हमला** लाणेला टोल कर्मचारियों ने बताया कि शुक्रवार रात 1 बजे सफेद रंग की बोलेरो कैंपर आई थी। इसमें बैठे लोगों से टोल मांगा तो वे नाराज हो गए और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद हमला कर दिया। करीब 15 किमी आगे जाकर उन्होंने पारेवर गांव के टोल प्लाजा पर भी उसी तरह हमला किया। दो कर्मचारियों को मारने की भी कोशिश की। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए।

**अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं** हमलावरों ने कपड़े से अपने चेहरे को छुपा रखा था। रामगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया- अभी तक टोल की तरफ से अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है। बीती रात हमले की सूचना मिली थी। इसके बाद ही टीम एक्टिव हो गई थी। अलग अलग जगह पर दबिश दे रहे हैं।

## लुधियाना में गर्म कड़ाही में डालकर खोले रिफाइंड पैकेट

### लोग बोले- यह कैंसर बम, सेहत विभाग ने सैंपल भरे, पकौड़े वाला बोला- फूड ब्लॉगर ने फंसाया

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में पकौड़े की एक दुकान पर ऐसा खतरनाक प्रयोग किया गया, जिसने लोगों की सेहत को सीधा खतरा हो सकता है। यहां दुकानदार ने रिफाइंड से भरे पैकेटों को फाड़ने के लिए उन्हें सीधा खौलते रिफाइंड से भरी कड़ाही में डाला और फिर आराम से पकौड़े बनाने लगा। डॉक्टरों के मुताबिक, प्लास्टिक को इस तरह गर्म करने से बीपीए और डाइऑक्सिन जैसे जहरीले केमिकल निकलते हैं, जो कैंसर, हार्मोनल गड़बड़ी और इम्यून सिस्टम को कमजोर करने जैसे गंभीर खतरे पैदा करते हैं। वहीं, विशेषज्ञों के मुताबिक, ऐसे प्रयोग न सिर्फ खाने को जहरीला बनाते हैं बल्कि लंबे समय में गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ा देते हैं। यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के जरिए सामने आया, जिसके बाद लोगों में गुस्सा है। सोशल मीडिया पर कोई इसे कैंसर बांटने वाला स्टंट तो कोई पकौड़े नहीं कैंसर का बम बता रहा है। साथ ही लोग सेहत विभाग पर भी लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि जब मामला हाइलाइट हुआ तो खौलते रिफाइंड में पैकेट डालकर उन्हें फाड़ने वाले दुकानदार ने कहा कि ये सब उसने एक फूड ब्लॉगर के कहने पर किया।

वीडियो लुधियाना शहर के गिल रोड स्थित एक पकौड़े की दुकान का है जिसे जसपाल सिंह नामक व्यक्ति चलाता है, 51 सेकेंड के पूरे वीडियो में दिख रहा है कि जसपाल के सामने खौलते हुए रिफाइंड से भरी एक कड़ाही रखी है। उसके सामने खड़ा फूड ब्लॉगर शुरुआत में कहता है कि इनका (जसपाल) तेल खोलने का स्टाइल बड़ा खतरनाक है, ब्लॉगर के इतना कहते ही जसपाल अपने हाथ में 5 रिफाइंड से भरे सील पैक पैकेट उठाता है और सीधा कड़ाही में डाल देता है।

एक सेकेंड के अंदर ही पांचों पैकेट बाहर भी निकाल लेता है, तब तक सभी पैकेट खुल चुके होते हैं और सारा रिफाइंड कड़ाही में जा चुका होता है। इसके बाद ब्लॉगर कहता भी है कि ये प्लास्टिक को तेल में ही मेल्ट कर देते हैं।

इसके बाद जसपाल कड़ाही में पकौड़े तलने लगता है, पकौड़े तलते तलते वो कहता है कि पानी पीना है तो 20 रुपए और पकौड़े खाने हैं तो 10 रुपए, इस पर ब्लॉगर उससे पूछता है कि 10 रुपए में क्या प्लास्टिक के पकौड़े हैं। तो इसपर जसपाल मुस्कुराता हुआ कहता है कि प्लास्टिक के कौनसे पकौड़े होते हैं। इसके बाद वह ब्लॉगर को अपने रेट और पकौड़ों के बारे में बताता है, लास्ट में वह अपनी लोकेशन भी बताता है।

सोशल मीडिया पर फूटा लोगों का गुस्सा वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी तो यूजर्स दुकानदार के साथ-साथ सेहत विभाग पर भी भड़क उठे। लोगों का कहना है कि विभाग की लचर कार्यप्रणाली के कारण शहर में ऐसे खतरनाक एक्सपेरिमेंट खुलेआम हो रहे हैं।

## सांसद निशिकांत दुबे को पुलिस ने नहीं किया गिरफ्तारी

### एमपी-एमएलए कोर्ट से अनुमति के बाद कार्रवाई, जबरन मंदिर प्रवेश पर हुआ है एफआईआर

**देवघर।** श्रावणी मेले में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जबरन निकास द्वार से घुसकर जलार्पण करने को लेकर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे और दिल्ली सांसद मनोज तिवारी समेत पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे बाबा मंदिर थाना गिरफ्तारी देने पहुंचे।

यहां पुलिस और सांसद के बीच बातचीत हुई। पुलिस ने सांसद निशिकांत दुबे को गिरफ्तार नहीं किया। थाने से बाहर निकलने के बाद सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि पुलिस ने मुझसे कहा कि मामले को एमपी-एमएलए कोर्ट को भेजा



गया है। वहां स्वीकार नहीं हुआ है। वहां स्वीकार होने के बाद जिन धाराओं में केस हुआ है, उसके आधार सेक्शन 41 के तहत शिकायतकर्ता को तीन बार नोटिस भेजा जाएगा। इसके बाद अगर कोई संभावना बनेगी तब गिरफ्तारी की जाएगी।

**मैं भाजपा का कार्यकर्ता, भगोड़ा नहीं हूं :** आदित्य वाहिनी के प्रदेश महामंत्री सह पंडा धर्म-रक्षिणी सभा के पूर्व महामंत्री कार्तिकनाथ ठाकुर की शिकायत पर बाबा मंदिर थाने में दर्ज केस पर गिरफ्तारी को लेकर निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा- शनिवार सुबह में दिल्ली से देवघर आऊंगा। सीधे थाने जाऊंगा और गिरफ्तारी दूंगा। झारखंड सरकार ने मुझ पर अब तक 51 केस दर्ज किया है। अब पूजा को लेकर केस किया गया है। इधर, दिल्ली से गिरफ्तारी देने पहुंचे निशिकांत दुबे ने देवघर एयरपोर्ट पर कहा कि यदि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राहुल गांधी जी के मनसा उन्हें जेल भेजने की है तो वह जेल जाने को तैयार हैं। लेकिन सरकार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं कोई भगोड़ा नहीं की भाग जाऊंगा। जो मुकदमा बाबा मंदिर थाने में की गई है वह एक गैरकानूनी व्यक्ति के द्वारा की गई है। जिन्होंने केस किया वो खुद पंडा नहीं है। मेरा सवाल है वह गर्भगृह में कैसे पहुंचे। केस तो उन पर होना चाहिए।

**क्या है पूरा मामला**

कार्तिकनाथ ठाकुर ने आवेदन में कहा है कि निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी, कनिष्कांत दुबे, शेषाद्रि दुबे, मनोज तिवारी के सचिव और अभयानंद झा ने दो अगस्त को रात नौ बजे मंदिर में जलार्पण बंद होने व कांचा चढ़ाने के बाद जबरन निकास द्वार से मंझलाखंड में प्रवेश किया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की।

## झांसी में रेप के आरोपी ने वकील को मार डाला

### बोला- खूब पैसे वसूले, लेकिन पैरवी नहीं की, इसलिए गला घोंट दिया

**झांसी।** वकील साहब मेरे केस की पैरवी कर रहे थे। जिस लड़की के साथ मैंने साथ जीने-मरने की कसमें खाई थीं, जिससे मैं शादी करने वाला था, उसी से दुष्कर्म के आरोप में मुझे सजा होने वाली थी। वकील ने मुझसे खूब पैसे लिए। लेकिन पैरवी ठीक से नहीं की। इसीलिए, मैंने उनकी हत्या कर दी। यह कबूलनामा है झांसी में गुरसराय के पूर्व चेयरमैन और पूर्व एडीजीसी भान प्रकाश सिरवारिया की हत्या करने वाले आरोपी सचिन का। उस पर नाबालिग लड़की के साथ रेप का केस चल रहा था। भान प्रकाश झांसी कोर्ट में सचिन की पैरवी कर रहे थे। इस मामले में 19 सितंबर को आरोपी को सजा होने वाली थी। इससे नाराज होकर उसने घर में घुसकर उनकी गला घोंटकर हत्या कर दी। 5 अगस्त को उनका शव घर में मिला। पुलिस पहुंची तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया- शुरुआती जांच में सामान्य मौत लग रही थी, लेकिन पोस्टमॉर्टम में गला घोंटने की बात सामने आई। इसके बाद जांच शुरू की गई। पड़ोसी और जान-पहचान वालों से पूछताछ में पता चला कि सचिन का दो दिन पहले उनसे झगड़ा हुआ था। शुक्रवार को उसे उठाकर पूछताछ की गई तो उसने जुर्म कबूल कर लिया।भान प्रकाश सिरवारिया नवाबाद थाना क्षेत्र के तालपुरा में परिवार के साथ रहते थे। वह 2000 से 2005 तक गुरसराय नगर पंचायत के अध्यक्ष रहे। इसके बाद झांसी में रहकर वकालत करने लगे। कुछ साल पहले ही वह एडीजीसी (अपर जिला शासकीय अधिवक्ता) के पद से रिटायर हुए थे।भान प्रकाश के दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी कविता की शादी हो चुकी है, जबकि बेटा मृत्युंजय अलीगढ़ में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा है। उनकी पत्नी सुशीला के दिमाग में ढाई साल पहले ब्लड क्लॉट हुआ था, तब से वह बीमार रहती हैं।

5 अगस्त की सुबह भान प्रकाश रोजाना की तरह मॉर्निंग वॉक से घर लौटे थे।